हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 7 सितंबर 2025



# गाजे-बाजे के साथ निकली समितियां, अगले बरस तू जल्दी आ के लगे जयकारे
# कुंड में विसर्जित की गई छोटी मूर्तियां, नम आंखों से लोगों ने दी बप्पा को बिदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले दस दिनों से जारी गणेश पर्व का समापन शनिवार को धूमधाम से बप्पा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ हो गया है। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर घर-दफ्तर सहित पंडालों में विराजमान गणेशजी की छोटी-बड़ी मूर्तियों का तालाब, नदी और कुंड में विसर्जन किया गया। शहर में विसर्जन के लिए ननि द्वारा विशेष कुंड का निर्माण कराया गया था, जहां देर शाम तक डेढ़ हजार से अधिक मूर्तियों का विसर्जन किया गया। विसर्जन के अवसर पर जहां लोगों ने नम आंखों से बप्पा को बिदाई दी। वहीं गाजे-बाजे के बीच अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे भी गूंजते रहे। उल्लेखनीय है कि 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के मौके पर अंचल में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। दस दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों और भक्ति के बाद शनिवार को अनंत चतुर्दशी के मौके पर विसर्जन का कार्य किया गया। पिछले कुछ सालों में देखने को मिला है कि शहर में बड़ी संख्या में लोग अनंत चतुर्दशी के दूसरे दिन भी मूर्ति विसर्जित करते आए हैं, परन्तु इस बार दूसरे दिन यानि आज रविवार की दोपहर से चंद्रग्रहण का सूतक लगने के कारण अधिकांश लोगों ने शनिवार को ही मूर्तियों का विसर्जन कर दिया है।

### तट पर की आरती

अपने घर और दफ्तर में मूर्तियां स्थापित करने वाले लोगों ने भी शनिवार को मोहारा स्थित शिवनाथ के तट पर मूर्तियों का विसर्जन किया। लोगों ने घर और दफ्तर से मूर्ति मोहारा लाकर पहले तट पर आरती की। जिसके बाद प्रसाद वितरण कर विसर्जन का कार्य किया गया। शनिवार को दिनभर मोहारा में मूर्ति विसजर्न करने वाले लोगों की भीड़ लगी रही। विसर्जन करने पहुंचने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए भी पुलिस बल की तैनाती स्थल पर की गई थी, जिन्हें छोटे बच्चे एवं अन्य लोगों को उत्साह में आकर नदी के भीतर जाने से रोकने की जिम्मेदारी भी दी गई थी।







## खबर संक्षेप

### ई-चालान के नाम पर हो रही ठगी, विभाग ने दिया सतर्कता का संदेश



**राजनांदगांव।** यातायात नियम तोड़ने पर कार्रवाई किए जाने ई-चालान का फर्जी मैसेज भेजकर लोगों से लिंक के माध्यम से धोखाधड़ी किए जाने के मामले सामने आ रहे हैं। जिससे सतर्क रहने को लेकर परिवहन विभाग ने लोगों को सचेत किया है और आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग कर ई-चालान पटाने अपील की है। प्रदेश में आरटीओ ई-चालान से संबंधित धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। जिसमें नकली ई-चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में फर्जी तरीके से डराने वाले संदेश के जरिये लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी लेकर उनके बैक खाते से रुपए निकाला जा रहा है, जिस पर परिवहन विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक, एपीके फाईल पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने अधिकारिक विभागीय वेबसाईट पर जाकर ई-चालान से संबंधित डिटेल चेक करें।

**आधिकारिक वेबसाइट से ही होता है चालान**

पुलिस एवं परिवहन के प्रवर्तन अमले द्वारा जब भी ई-चालान किया जाता है, पंजीकृत मोबाइल में संबंधित को टेक्स्ट मैसेज अधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही भेजे जाते हैं। अन्य तरीके से भेजे गए मैसेज फर्जी हो सकते हैं। जिससे लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**थाने में करें शिकायत**

आम लोगों की जागरूकता के लिए यह अपील है कि यदि आपको किसी ई-चालान मैसेज के साथ कोई लिंक मिलता है, तो उस पर कभी क्लिक न करें। कभी भी किसी अजनबी को ऑनलाइन पैसे का भुगतान न करें और अपने खाते से किसी भी लेने-देन से सावधान रहें। किसी भी धोखेबाज कॉल, संदेश या ऐप के संबंध में निकट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

# देशभक्ति और पौराणिक कथाओं पर आधारित झांकियों ने दर्शकों को लुभाया, आकर्षक मूवमेंट ने खींचा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेश पर्व पर निकाले जाने वाली अपनी चलित झांकियों के लिए देशभर में प्रख्यात राजनांदगांव में इस बार भी बड़े ही धूमधाम से अनंत चतुर्दशी की रात को गणेश समितियों द्वारा नयनभिराम झांकियां निकाली गई। शहर में लगभग 30 समितियों द्वारा एक जीप से लेकर तीन जीप तक की झांकियां बनाई गई थी।

देशभक्ति और पौराणिक कथाओं पर आधारित इन झांकियों को देखने लाखों की संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचे थे। झांकियों में शामिल मूर्तियों के खास और आकर्षक मूवमेंट ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। गाजे-बाजे और डीजे की धुन के बीच युवाओं में भी जमकर उत्साह झांकी की रात देखने को मिला। पुलिस प्रशासन ने भी सभी चौक-चौराहों के साथ ही झांकी रूट पर अपनी तगड़ी सुरक्षा बनाई हुई थी। झांकी में आने वाले हजारों-लाखों लोगों को देखते हुए झांकी रूट पर बड़ी संख्या में छोटे व्यापारियों ने दुकानें भी लगाई थी। पानी, नाश्ता सहित अन्य सामग्रियों की रातभर बिक्री चलती रही। जनप्रतिनिधियों ने भी स्टेज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर झांकी निकालने वाली गणेश समितियों का उत्साहवर्धन किया। नगर निगम द्वारा निर्धारित टीम ने भी सभी झांकियों को बारिकी से देखा और दिए जाने वाले पुरस्कार के लिए अंक निर्धारित किए। झांकी रूट पर नगर निगम, जिला प्रशासन के अलावा बड़ी संख्या में समाजसेवा संगठन, राजनीतिक दल एवं गणेश समितियों द्वारा स्टेज बनाया गया था।



### डीजे और धुमाल की गूंज के बीच जमकर थिरके गणेश भक्त





**सुरक्षा में तैनात रहा बल :** विसर्जन के अवसर पर निकाले जाने वाली चलित झांकियों को देखने पहुंचे हजारों-लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी की गई थी। बड़ी संख्या को ध्यान में रखते पुलिस महकमे ने शहर में 800 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इनमें राजनांदगांव रेंज के सभी चार जिलों के साथ ही पुलिस हेडक्वार्टर से मिला बल शामिल रहा। इसके अलावा एसपी, एएसपी, डीएसपी सहित टीआई रैंक के भी चार दर्जन से अधिक अफसरों की तैनाती की गई थी।

# आज से पितृपक्ष का आगाज, पितरों को तर्पण देकर लोग लेंगे आशीर्वाद

## आज से 21 सितंबर तक रहेगा पितृपक्ष, महंगी होगी तोरई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अनंत चतुर्दशी के दूसरे दिन से पितृपक्ष प्रारंभ हो रहा है। इस दौरान लोग श्रद्धा भक्ति के साथ अपने अपने पितरों को नदी व तालाब में जल का तर्पण देकर पितरों को याद कर आशीर्वाद लेंगे। जिसकी तैयारियां भी पूर्ण कर ली गई है। इस पक्ष को मानने वाले इस अवधि में शुभ कार्य नहीं करते।

पंडितों के मुताबिक पितृपक्ष को विशेष माना गया है। ऐसी मान्यता हैं कि इस दौरान पितरों को तर्पण करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है, पितर प्रसन्न होते हैं। उनका आशीर्वाद घर-परिवार में बना रहता है। इस 15-16 दिनों की अवधि में, लोग अपने पूर्वजों का स्मरण कर उन्हें जल अर्पित करते हैं, ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं और दान-पुण्य करते हैं, जिससे पितर प्रसन्न होकर वंशजों को सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का आशीर्वाद देते हैं।



### नहीं होंगे शुभ कार्य

ऐसी मान्यताएं हैं कि पितृपक्ष को मानने वाले इस दौरान शुभ कार्यों करने से परहेज करते हैं। यह पक्ष पूरा पितरों को समर्पित रहता है। नदी-तालाब में बड़ी संख्या में लोग पितरों को तर्पण करने पहुंचते हैं। माना गया है कि पितरों का श्राद्ध करने से पितर प्रसन्न होते हैं और घर-परिवार में खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

### 7 से 21 सितंबर तक पितृपक्ष

पंचाग के मुताबिक भाद्रपद की पूर्णिमा तिथि 7 सितंबर को देर रात 1.41 मिनट पर शुरू होगी। जिसका समापन 7 सितंबर को रात 11.38 मिनट पर होगा। जिसके कारण रविवार को 7 सितंबर के दिन से पितृपक्ष की शुरूआत हो रही है। सर्व पितृ अमावस्या 21 सितंबर को होगी। श्राद्ध हमेशा पितरों को मृत्यु तिथि पर ही किया जाता है।

**दान-पुण्य का महत्व :** अगर पितरों की मृत्यु की तिथि यदि याद नहीं है तो सर्व पितृ अमावस्या पर श्राद्ध कर्म कर सकते हैं। इस दौरान श्राद्ध के दिन ब्राम्हणों को भोजन कराना, दान दक्षिणा का विशेष महत्व माना गया है। इससे पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। पंडितों के मुताबिक पितृपक्ष के दौरान प्रतिदिन जल, तिल और कुशा से पितरों को तर्पण करते समय उनका नाम लिया जाता है। इस दौरान घर में सात्विक भोजन ही बनाना चाहिए, तामसिक भोजन से बचाना चाहिए।




# खंडग्रास चंद्रग्रहण पर मंदिरों के पट रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, वैभव निर्वाणी, राम जानकी बाला बाबा मंदिर के पुजारी ने संयुक्त रूप से बताया कि कल 7 सितंबर को रात्रि 9.57 बजे खंडग्रास चंद्रग्रहण स्पर्श का समय है।

चंद्रग्रहण का सूतक रविवार दोपहर 12.57 बजे लगेगा। चंद्रग्रहण का मोक्ष रात्रि 1.26 बजे होगा। उक्त समय में राम जानकी बाला बाबा मंदिर सोनारपारा का पट भी बंद रहेगा अर्थात दोपहर 12.57 बजे से दूसरे दिन प्रातः सूर्योदय तक अर्थात सोमवार सुबह मंदिरों के पट खुलेंगे। ग्रहणकाल में मंत्र जाप, भजन-कीर्तन कर सकते हैं। 7 सितंबर से ही पितृपक्ष प्रारंभ हो रहा है। पूर्णिमा के श्राद्ध कर्म के लिए ब्राम्हण भोजन अथवा दान-पुण्य दोपहर 12 बजे के पूर्व सभी कार्य पूर्ण हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

सूतक काल में अन्न व जल ग्रहण नहीं किया जाता। सूतककाल में चांवल व अन्य खाद्य पदार्थों को कुश व तुलसी पत्र डालकर शुद्ध रखा जाता है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा संटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### मोर्चा अध्यक्ष का जोशीला स्वागत

**डोंगरगांव।** मनोनयन के बाद शुक्रवार को प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के



अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का पहली बार नगर आगमन हुआ। पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से विश्राम ग्रह में उनका स्वागत किया। इस अवसर पर टिकरिया ने कहा कि वह कार्यकर्ता के तौर पर काम करने आए है। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार में विश्वास और विकास जारी है। विष्णुदेव साय सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए संकल्पित है। स्वागत समारोह में लक्ष्मी नारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, जागेश्वर यादव, दिनेश साहू, मनीष साहू, अंजू त्रिपाठी, बाल कृष्ण सिन्हा, दीना पटेल, राजा जैन, लक्ष्मी नारायण सेन, रमजान बडगुजर, तिमेश साहू, वैभव माहेश्वरी आदि मौजूद थे।

### प्राणीशास्त्र परिषद की पायल बनी अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में गत दिनों प्राणीशास्त्र परिषद का



गठन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती तथा विशिष्ट अतिथि सहायक प्राध्यापक अविनाश सिंह थे। सहायक प्राध्यापक डॉ. गोकुल प्रसाद साहू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए परिषद के महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने पदाधिकारियों की घोषणा की। परिषद में अध्यक्ष पायल देवांगन, उपाध्यक्ष महक अग्रवाल, सचिव मोनिका देवांगन, सह सचिव रेवती, कोषाध्यक्ष लीना देवांगन एवं कार्यकारिणी सदस्य योगेश देवांगन, रामेश्वर एवं मेघा राव हैं। समापन पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष पायल देवांगन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन वैष्णवी तिवारी ने किया।

### शिक्षकों एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

**डोंगरगढ़।** शिक्षक दिवस के अवसर पर बुढ़ानछापर में शिक्षकों एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के



पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन ने जीवन भर शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया और फिर फिर राष्ट्रपति बन कर देश सेवा किया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने भी संबोधित किया। इस मौके पर थनवार मंडावी, सरपंच रेखा सिन्हा, अशोक नेताम, रामाधीन देवांगन, वर्षा गेडाम, उपकार बघेल, शिव बल्लहरे, ढालचंद मेश्राम, गोवर्धन बानवर, दुर्गेश साहू, गणेशु सिन्हा, सोनउराम कंवर, नोहर सिन्हा, मिश्री सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

### विसर्जन को देखते एक्शन में पुलिस

**डोंगरगढ़।** गणेश विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अभियान छेड़कर गुंडा बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक



कार्रवाई किया। अभियान के तहत 2 के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है। जानकारी के अनुसार गत 4 सितंबर को बुधवारी पारा के लोगों ने शिकायत किया था जिस पर 5 सितंबर को कार्रवाई करते हुए अनावेदक संदीप साहू पिता ईश्वर साहू निवासी बुधवारी पारा को शराब पीकर गाली गलौच करने और समझाने पर आक्रोशित होकर मरने मारने पर उतारू होने पर कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार मुसरा कला के विशाल साहू पिता पुरानिक साहू को मिथलेश साहू के साथ गाली गचौच कर धमकी देने के आरोप में धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही किया गया है।

### शाला भवन हुआ खतरनाक

**पटेवा।** पूर्व माध्यमिक शाला इरईकला का छत काफी जर्जर हो गया है।



इस आशय की जानकारी शिक्षा विभाग को कई बार दिया जा चुका है ,लेकिन अधिकारी ने अब तक ध्यान नहीं दिया और न मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत की गई है। जानकारी के अनुसार शाला के छत का मलबा, कक्षा में लगा पंखा गिरने लगा है। छत का मलबा पहले भी गिर चुका है। अच्छी बात यह रही कि पंखा या मलबा बच्चों पर नहीं गिरा अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। सरपंच ललित साहू ने बताया कि वह स्वयं शिक्षा विभाग के अधिकारी से मिलकर मरम्मत के लिए राशि की मांग कर चुके है।

### रामभरोसा बने समाज के संरक्षक



**लाल बहादुर नगर।** परिक्षेत्र कुम्हड़ाटोला में आयोजित बैठक में रामभरोसा सिन्हा कसे एलबी नगर तहसील मंडल कलार समाज का संरक्षक बनाया गया है। इस बैठक में जिला अध्यक्ष शिव शंकर डडसेना, जिला महामंत्री गंगाराम सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष पूनम सिन्हा, महिला मंच जिला अध्यक्ष निर्मला सिन्हा्र मंडलेश्वर उत्तम सिन्हा, रेवाराम सिन्हा, राकेश सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, भागवत सिन्हा, नाथूराम सिन्हा, प्यारेलाल सिन्हा, हेमराज सिन्हा, मनोहर डड़सेना आदि मौजूद थे।

### निधन



#### हंसराज नंदेश्वर

**डोंगरगढ़।** हंसराज नंदेश्वर का 5 सितंबर को सुबह 9.30 बजे निर्धन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा दंतेश्वरी पारा से छिरपानी मुक्तिधाम गई, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## शिक्षक दिवस पर हुए विविध आयोजन

# योगदान को याद कर बच्चों और बड़ों ने किया शिक्षकों का सम्मान






हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

प्रशस्ति एजुकेशन सोसायटी एवं अखिल भारतीय शाकाहार परिषद के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी थी। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा तथा बीईओ आरएल पात्रे शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं फ्रूटी जैन के नृत्य से हुआ। आर्यिका श्री 105 श्वेतमती माता एवं विदेहमती माता ने मंगल वचनों के माध्यम से शिक्षा में भारतीय संस्कृति और संस्कारों को शामिल करने का संदेश दिया। इस अवसर पर अर्जुनी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, डोंगरगांव के प्राचार्य डॉ एके धमगाये, नृत्य प्रशिक्षिका नीता गहरवार, डां विकास सिंह, सहायक प्राध्यापक डॉ साव, हीरालाल ढोमने, राहुल जैन, सुषमा तिवारी, अरविंद रत्नाकर, चेतन साहू, रितेश जैन, डॉ काव्या जैन, पुष्पलता जैन, राजेन्द्र ठाकुर, राजेन्द्र वैष्णव, बहुरसिंह भंडारी, जयंत साहू सहित 150 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। संचालन पवन जैन ने किया। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ रमेश जैन राही को अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया। अंत में नम्रता जैन ने आभार व्यक्त किया।

शिक्षक दिवस के मौके पर राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक शाला बीजाभांठा में पदस्थ प्राचार्य सुश्री शोभा श्रीवास्तव का सम्मान किया। डॉ श्रीवास्तव को राजकीय सम्मान महामहिम राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने प्रदान किया। इस मौके पर शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक ऋतुराज रघुवंशी, एससीईआरटी के वरिष्ठ आलोक शर्मा आदि उपस्थित थे। राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित डॉ शोभा श्रीवास्तव के घर पहुंचने पर बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया।

भाजपा नेता टोमन साहू ने शिक्षक दिवस के मौके पर प्राथमिक शाला अमलीडीह और पूर्व माध्यमिक शाला आरी के शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षकों के योगदान को अतुलनीय बताते हुए कहा कि वर्तमान में शिक्षक ही बच्चों का मार्गदर्शक है।

#### कुमरदा में शिक्षकों का सम्मान

**कुमर्दा।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम शिक्षकों ने दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया। इससे पूर्व छात्र-छात्राओं ने कतारबद्ध खड़े होकर पुष्प वर्षा करते हुए शिक्षकों पर पुष्प बरसा कर स्वागत किया। प्राचार्य मिलाप दास साहू ने गुरु महिमा को व्यक्त कर उनकी महानता को प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि ग्रंथों में भी गुरु को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। माता-पिता के बाद गुरू ही एक बालक का मार्गदर्शक होता है, जो उसे अनुशासन, ईमानदारी, कर्तव्य पालन सिखाता है।

#### बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**खडगांव।** श्री विजडम स्कूल में शिक्षक दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। संस्था के एमडी गजानंद चौधरी ने बच्चों को पढ़ लिख कर गुणवान, निष्ठावान, धनवान बनने प्रेरित किया। प्राचार्य तरूण कुमार चौधरी ने का कि सड़क और शिक्षक एक जैसे होते हैं, वह सबकों मंजिल तक पहुंचा देते हैं। इस मौके पर बच्चों ने स्कूल में बहुत से प्रोग्राम रखे थे। शिक्षक दिवस स्कूल के सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया।










# श्रद्धा के साथ हुआ गणपति का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खड़गांव

दस दिनों तक पूजा अर्चना के बाद आज गणपति बप्पा को श्रद्धा के साथ बिदाई दी गई। विसर्जन को लेकर सुबह से गांव में तैयारी हो गई थी। व्यापारी संघ ने लगभग बारह बजे डीजे साउंड सिस्टम और रंग गुलाल की बौछार करते हुए गणपति बप्पा का विसर्जन किया। इसी प्रकार तिरंगा चौक, फोकट पारा एवं अन्य समितियों ने गणपति बप्पा को बिदाई दी। इस दौरान व्यापारी संघ ने भंडारा का आयोजन किया। वहीं विसर्जन के दौरान पानी और शीतल पेय की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी, ग्रामीण, महिलाएं, युवा, बच्चे मौजूद रहे।

#### गणेश जी को विदाई



**अर्जुनी।** जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने अपने घर विराजे गणपति बप्पा का विसर्जन माता तालाब में किया।

# आंगनबाड़ी केन्द्र से एलईडी ले गए चोर

**ठेलकाडीह।** ग्राम कलकसा के आंगनबाड़ी केंद्र से चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चार आंगनबाड़ी का ताला तोड़कर एलईडी टीवी ले गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एव सहायिका ने उच्चाधिकारी सहित थाने में इसकी सूचना दी। यह घटना 5 सितंबर रात्रि की है। ठेलकाडीह पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वन प्रबंधन कार्य जानने किया एक्सपोजर विजिट

**बांधाबाजार।** सृष्टि संस्था परियोजना कार्यालय दक्कोटोला ने गत दिनों एक्सपोजर विजिट के तहत तहसील नगरी के खोज एवं जन जागृति समिति के कार्य क्षेत्र के ग्राम टांगापानी, कुदुरपानी का वन अधिकार समिति,सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति और ग्राम सभा सदस्यों को विजिट कराया। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व परियोजना के कलस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले और धनंजय ठाकरे ने किया। कुदूरपानी की सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सचिव शत्रुघ्न कुमार यादव ने ग्रामसभा और सीएफआरएमसी द्वारा किए गए कार्य की जानकारी दी। इसी तरह टांगापानी सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति ने भी वन सुरक्षा, वन को आग से बचाने के तरीकों से अवगत कराया। जनपद पंचायत नगरी के मनरेगा कार्यक्रम समन्वयक आशीष ने सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन कार्य योजना के प्रस्ताव को डेवलप करने का तरीका बताया। जन जागृति समिति के बेनीपुरी गोस्वामी और कार्यकर्ता नंदिनी साहू ने दोनों गांव का विजिट कराया और उचित मार्गदर्शन दिया।



# नवरात्रि पर्व पर लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

- केन्द्र सरकार के फैसले की सर्वत्र सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

सीए हिना मंगल जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वित्तमंत्री के मार्गदर्शन में जीएसटी में किए गए सुधारों का स्वागत करते हुए कहा है कि इस निर्णय से व्यापारियों और जनता को आने वाले दिनों में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की टैक्स दरों को बड़े पैमाने पर घटाया गया है।

कई आम उपयोग में आने वाली वस्तुओं को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत की श्रेणी में लाया है वहीं उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए



अनेक सामान पर 28 प्रतिशत के बजाए 18 प्रतिशत कर लगेगा जबकि कुछ उपयोगी वस्तुएं 12 प्रतिशत से सीधे शून्य प्रतिशत की श्रेणी में आ गई है।

श्रीमती जैन ने बताया कि छोटे व्यापारियों की कर अनुपालन प्रक्रिया को आसान बनाते रिटर्न फाइलिंग के नियम को सरल बना दिया गया है। उन्होंने केन्द्र सरकार के निर्णयों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री एवं जीएसटी काउंसिल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जीएसटी 2.0 से न केवल व्यापारी बल्कि किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग, महिला उपभोक्ता और छोटे दुकानदार को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने एक बार फिर साबित किया है कि वह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के फैसले पर सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा।

#### जीएसटी दरों में बदलाव से राहत

मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने हाल में स्वास्थ्य सेवाओं को



अधिक सुलभ एवं किफायती बनाने की दिशा में लिए गए निर्णय का स्वागत किया है। केन्द्र सरकार ने जीवनरक्षक औषधियों, कैंसर और गंभीर बीमारियों के इलाज में उपयोगी दवाओं, स्वास्थ्य बीमा योजना तथा आवश्यक चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि जीवनरक्षक औषधियों पर अब केवल जीएसटी 5 प्रतिशत लगेगा। वहीं बीमा पॉलिसियों पर राहत दी गई है। चिकित्सा उपकरण जैसे ग्लूकोमीटर, टेस्ट स्ट्रिप्स, मेडिकल ऑक्सीजन, डायग्नोस्टिक किट, चश्मा आदि पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार के फैसले से आमजनों को आर्थिक राहत मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ होगी।

## शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

# शीघ्र ही प्रारंभ होगा नवनिर्मित एजुकेशन हब परिसर में विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले में नवनिर्मित एजुकेशन हब परिसर में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय इस वर्ष से प्रारंभ होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विशेष प्रयासों से इसी सत्र में 500 सीटर नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव प्रारंभ करने हेतु 43 लाख 90 हजार रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने शनिवार को नवनिर्मित एजुकेशन हब परिसर में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने अकादमिक कैम्पस में शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय के पूर्ण होने से विद्यार्थियों की शिक्षा सुचारू तरीके से प्रारंभ की जा सकेगी। उन्होंने मिशन मोड में रेलिंग, पेंट एवं पुट्टी, इंटर लॉकिंग, एल्युमिनियम सेक्शन एवं दरवाजा लगाने का कार्य शीघ्र पूरा करने कहा। उन्होंने हॉस्टल के पीछे गर्ल्स हास्टल के पास बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए प्राक्कलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अध्ययन कक्ष, प्राचार्य कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष, कम्प्यूटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



#### 44 लाख हुए थे स्वीकृत

उल्लेखनीय है कि नवनिर्मित एजुकेशन हब परिसर में प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किया जाना है। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत 500 सीटर नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव प्रारंभ करने 43 लाख 90 हजार रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव के लिए पदों के सृजन के लिए सहमति प्रदान करते प्रशासकीय अधिकारी के 2 पद, छात्रावास अधीक्षक के 4 पद, रिसेप्शनिस्ट सह कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पद, स्टोर कीपर सह-लेखापाल के 2 पद की सहमति प्रदान की गई है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग दीक्षा गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विजेता प्रतिभागियों को किया जा रहा पुरस्कृत

- छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में की जा रही विविध स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर महिलाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाने एवं सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देने एकीकृत बाल विकास परियोजना डोंगरगढ़ अंतर्गत शा.उ.मा. विद्यालय रूवातला एवं सुकुलदैहान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला संरक्षण अधिकारी विद्या मिश्रा द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 महिलाओं से संबंधित कानून, महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, गुड टच-बैड टच की जानकारी प्रदान की गई। डीएनसी कोमल प्रसाद लहरे व बीएनसी प्रवीण कुमार साहू द्वारा किशोरी बालिकाओं को आयरन फोलिक एसिक लेने, बालिकाओं को पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

वहीं जिला मिशन समन्वयक किशोर माहेश्वरी द्वारा साईबर अपराध अंतर्गत साईबर ग्रुमिंग, साईबर स्कॉटिंग, सोशल मीडिया की सावधानियां, सोशल मीडिया के माध्यम से यौन शोषण, लैंगिक उत्पीड़न के प्रति जागरूक किया गया। किसी भी प्रकार की सायबर ठगी के लिए 1930 में तत्काल अपनी शिकायत दर्ज करने कहा गया। इसके अलावा चाईल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, महिला हेल्प लाइन नंबर 181 जैसे महत्वपूर्ण हेल्प लाइन नंबर की जानकारी दी गई। इसके साथ ही सखी वन स्टॉप सेंटर, सखी सदन, सखी निकेतन के विषय में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

#### प्रतियोगिताएं आयोजित

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, छोटे बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया और विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के माध्यम से पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में लगभग 130 किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्राम रूवातला की सरपंच उर्मिला मांडवी, प्राचार्य संतोषी डड़सेना, शाला के शिक्षकगण, पर्यवेक्षक मोनिका सूकतेल, स्वाति बोरकार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में छात्र परिषद का गठन

**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में 4 सितंबर को छात्र परिषद् का विधिवत गठन किया गया। मेरिट के आधार पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। छात्र परिषद में एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा निकिता देवांगन को अध्यक्ष, निकिता रजक को उपाध्यक्ष, रोशनी रजक को सचिव और विवेक कुमार को सहसचिव नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष टीएल वर्मा और अतिथि शिक्षक डॉ दिलेश्वरी साहू उपस्थित थे। श्री वर्मा ने परिषउ के गठन और महत्व पर प्रकाश डाला। अन्य विद्यार्थियों को भविष्य में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। संचालन प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### जुआ खेलते चार आरोपी गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** गंडई पुलिस ने जुआ खेलते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 570 रुपए नगद और ताश के पत्ते जब्त किया है।थाना गंडई टीम के साथ टाउन और देहात क्षेत्र में अपराधों की जानकारी जुटे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम देवपुरा मोड़ के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर छापा मारा। पुलिस को देखकर कुछ जुआरी भाग गए, लेकिन चार जुआरियों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम फागु निषाद,कमलेश साहू, पंचराम और उदे निषाद बताया। सभी देवपुरा के निवासी हैं। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जीएसटी में कटौती का स्वागत



**गंडई।** केंद्र सरकार द्वारा कुछ वस्तुओं पर जीएसटी दरों में की गई कटौती है और हेल्थ व लाइफ इंश्योरेंस से संबंधित सेवाओं में बदलाव का भाजपा नेत्री उमा चौबे ने स्वागत किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस फैसले से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। उमा चौबे ने इस कदम को जनहित में लिया गया फैसला बताया, जिससे लोगों पर वित्तीय बोझ कम होगा और वह बेहतर स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।

### शिक्षक दिवस पर सावित्री बाई फूले को किया याद

**छुईखदान।** शासकीय प्राथमिक शाला जुझारा में 6 सितबंर को बैग लेस डे पर शाला में शिक्षक सम्मान समारोह रखा गया। सर्व प्रथम क्रांति ज्योति



सावित्री बाई फूले की तेलचित्र पर माल्यार्पण कर शाला में शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिसमें संस्था प्रमुख संजीव कुमार ध्रुव, प्रधान पाठक एवं मोहित कुमार धुर्वे सहायक शिक्षक को गुलाल व श्रीफल भेंट कर शिक्षकों को सम्मान दिया गया। सभी बच्चों को सावित्री बाई फूले की जीवन संघर्ष को वीडियो पर दिखाया गया। इस अवसर पर बच्चों का मुंह मीठा कर सावित्री बाई फूले की जीवन परिचय सभी बच्चों को बताते हुए कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों को टी शर्ट और नीला लोवर ड्रेस उपहार स्वरूप भेंट किया गया। पर्यावरण बागवानी में इको क्लब के बच्चों ने मौसमी फूल गमला में रोपण किया। इस समारोह में सफाई कर्मी मुकेश कुमार साहू एवं राजबाई विश्वकर्मा रसोइया उपस्थित थे।

### कार्यकर्ताओं ने किया पूर्व सांसद का स्वागत



**सड़क अतरिया।** पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शुक्रवार को राजनांदगांव जाते समय खैरा नवापारा पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यहां श्री सिंह ने दुर्गा मंदिर पहुंच कर माता रानी का दर्शन किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से विभिन्न विषयों पर चर्चा कर हालचाल जाना। इस मौके पर छुईखदान सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, मानपुर सरपंच बोधनसिंह मेरावी, लालचंद पटेल, संतु पटेल, अशोक साहू, अश्वनी जंघेल, रघुनंदन वर्मा, आशा पटेल, गोरेलाल जंघेल, रोहित जंघेल, दिनेश जंघेल, मनहरण जंघेल, डिलेश्वर जंघेल, लाला जंघेल, धनीराम, कलीराम, जैतराम साहू, वाहेद खान, भोलाराम, धरम, बुधार केंवट, माखन जांगड़े, लाल बहादुर जांगड़े, सुखदेव जांगड़े, ऐरू जांगड़े, दशरथ जांगड़े, शादिक खान, मोंटी बेग मिर्जा, एजाज बेग मिर्जा, राकेश जंघेल, टाकेन्द्र सिन्हा, धनसाय साहू, ज्ञानिक जंघेल, चेतन जंघेल, सुखीत महार, रिशु चंद्राकर, अजय यादव उपस्थित थे।

### प्रकरणों पर यथाशीघ्र करें निराकरण, टीएल की बैठक में निर्देश

# अटल मानिटरिंग पोर्टल के मापदंडों के अनुरूप करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि अटल मानिटरिंग पोर्टल के मापदंडों के अनुरूप सभी विभाग बेहतरीन कार्य करें। उन्होंने अटल मानिटरिंग डेश बोर्ड के संबंध में जानकारी ली तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा ग्रामीण के तहत नवनिर्मित मकानों को यथाशीघ्र आबंटित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण देने तथा लाभान्वित करने कहा। आयुष्मान वय वंदन कार्ड के अंतर्गत शेष रह गए लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। खाता विभाजन एवं विवादित नामांतरण के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने शिविर लगाकर आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए घर-घर सर्वे करने की आवश्यकता है, ताकि कोई भी पात्र बालक एवं बालिका आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र से वंचित नहीं रहे।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### छात्रवृत्ति देने में आ रही दिक्कत को करें दूर

कलेक्टर भुरे ने कहा कि शिक्षा विभाग अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति देने में आ रही दिक्कत को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक खातों में सुधार के साथ ही अन्य समस्या का समाधान करें। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत सभी ग्रामों एवं समूहों का विलेज प्रोसपिरिटी रेसिलिएंस प्लान बनाकर ग्राम पंचायतों के विकास के लिए कार्य किया जाना है। जिसके लिए विकासखंड स्तर पर समन्वय समिति का गठन करने कहा। इसके लिए कार्य प्रारंभ करने से पहले सभी स्टेकहोल्डर्स को जागरूकता एवं प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रामलला दर्शन योजना, स्वामित्व योजना, भू-बंटन के प्रकरणों की स्थिति, जल जीवन मिशन, पीएम स्वनिधि योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पशुपालन एवं मत्स्य पालन में केसीसी का लाभ हितग्राहियों को मिलना चाहिए।

#### पीएम आवास योजना की प्रगति की ली जानकारी

जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विलेज प्रोसपिरिटी रेसिलिएंस प्लान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके लिए आयोजित बैठकों में सरपंच, महिला पंच, ग्राम संगठन पदाधिकारी, वीपीआरपी, सीआरपी, एएनएम, आशा वर्कर, स्कूल शिक्षक, ग्राम पंचायत के सम्मानित व्यक्ति, तकनीकी विशेषज्ञ प्रतिभागी होंगे। सभी को इसके लिए जागरूकता के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## पुस्तक महंत बने महाराजा का विमोचन 21 सितंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- इस अवसर पर नवरत्ना का सम्मान और कवि सम्मेलन का होगा आयोजन
- सुधिजनों से उपस्थिति की अपील

बैरागी रियासत छुईखदान मुख्यालय में आगामी 21 सितंबर को नरेश कुमार स्वामी निंबार्क की पुस्तक महंत बने महाराजा का विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर नौ रत्नों का सम्मान और कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए पुस्तक के लेखक और कार्यकम के संयोजक नरेश कुमार स्वामी ने बताया कि रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होने वाले इस अनूठे साहित्यिक कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत छुईखदान की अध्यक्ष रानी नम्रता देवी होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता छुईखदान रियासत के राजा गिरिराज किशोर वैष्णव करेंगे। विशिष्ट अतिथि बैरागी समाज छुईखदान के अध्यक्ष राजकुमार देवराज किशोर वैष्णव होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित के बाद अतिथियों के स्वागत के उपरांत पुस्तक महंत बने महाराजा के विमोचन के साथ होगा। तत्पश्चात नौ रत्नों का सम्मान किया जाएगा। जिनमें अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष लाल जितेन्द्र किशोर वैष्णव (छुईखदान), लखन दास वैष्णव (रायपुर) एवं श्रीमती मधु किशोरी वैष्णव (पंडरिया) शामिल हैं।

इस अवसर पर नगर की प्रतिनिधि संस्था जय जगन्नाथ सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों और कवियों को हिंदी साहित्य समिति छुईखदान और जय जगन्नाथ सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम में पधारे कवियों और लेखकों की प्रकाशित कृतियां (साहित्य) भेंट कर सम्मानित क्या जाएगा।

सम्मान समारोह के उपरांत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। कवि सम्मेलन के आमंत्रित कवियों में राष्ट्रीय कवि प्रमोद रामावत (नीमच), विजय राठौर (जांजगीर चांपा), राज्य पुरस्कार से अलंकृत शायर अब्दुस्सलाम कौसर (राजनांदगांव), महेश शर्मा (रायपुर), नई कविता के सशक्त हस्ताक्षर मुन्ना बाबू (राजनांदगांव) और वीरेन्द्र बहादुर सिंह (छुईखदान) शामिल हैं। कवि सम्मेलन का संचालन प्रमोद रामावत करेंगे। श्री स्वामी ने इस कार्यक्रम में सुधिजनों से शामिल होने की अपील की है।

## जिले में बालिका सुरक्षा माह का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बालिकाओं की सर्वोत्तम सुरक्षा के लिए व्यापक अभियान की आवश्यकता को देखते 14 अगस्त से 15 सितंबर 2025 तक बालिका सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा के मुद्दों पर जन-जागरूकता बढ़ाना, संवाद करना और समन्वित प्रयासों को प्रोत्साहित कर सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिले, वार्ड, ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

बालिका सुरक्षा माह अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, स्वास्थ्य, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग एवं सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल देखरेख संस्था द्वारा स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, छात्रावास, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल देखरेख संस्था में निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, वाद-संवाद, चर्चा, वाद-विवाद, नाट्य प्रस्तुति, रैलियां सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

## तिरंगा चौक में रामायण पाठ



**खड़गांव।** गणपति विसर्जन करने के बाद बाल गणेश उत्सव समिति एवं युवा गणेश उत्सव समिति तिरंगा चौक के पंडाल के सामने रामायण पाठ किया गया। बताया जाता है कि विसर्जन के बाद पंडाल पर रामायण पाठ कराया जाता है और दीपक जलाकर रखा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि जब तक दीपक ठंडा नहीं होता तब तक विसर्जन अधूरा माना जाता है। रामायण पाठ में आयोजन समिति के सदस्यों सहित रामायण पाठ करने वाले शामिल हुए।

## पद्मा राज्यपाल शिक्षक सम्मान के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



शिक्षक दिवस के अवसर पर राजधानी में राजभवन के दरबार हाल में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा 2025-26 में राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची जारी हुई। जिसमें खैरागढ़ की शासकीय प्राथमिक शाला संडी की प्रधान पाठक श्रीमती डॉ. पद्मा साहू का चयन हुआ है। खास बात यह है कि इस बड़ी उपलब्धि को हासिल कर शिक्षिका ने केवल संगीत नगरी खैरागढ़ ही नहीं बल्कि पूरे केसीजी जिले का नाम रोशन किया है। डॉ. पद्मा साहू 2005 से शिक्षिका के पद पर पदस्थ हैं। वे शुरू से ही बच्चों के प्रति समर्पित होकर ईमानदारी से अपना शैक्षिक कार्य करती आ रही हैं। शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने साहित्य के क्षेत्र में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। शिक्षिका विद्यालय के प्रति समर्पित होकर विभिन्न नवाचारों का प्रयोग कर बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने में हमेशा सफल होकर छात्रों के हित में अध्ययन अध्यापन का कार्य करती हैं।

शाला में छात्रों की नियमित उपस्थिति, अध्ययन अध्यापन व पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर बच्चों को खेल-खेल में सीखाने का हमेशा प्रयास करती हैं और बच्चों को अपने कौशल प्रदर्शन करने का अवसर देती है। उन्हें मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान के साथ-साथ साहित्य के क्षेत्र और समाज द्वारा विभिन्न सम्मान प्राप्त हैं। वह एससीईआरटी द्वारा समग्र शिक्षा अंतर्गत विभिन्न कहानियों का अनुवाद किया है जिसे बच्चे पुस्तकालय में अध्ययन करते हैं।

उनकी बाल कविताएं के साथ-साथ कहानी और व्याकरण की पुस्तक भी प्रकाशित है साथ ही शिक्षिका विभिन्न प्रकार के शैक्षिक गतिविधियां, टीएलएम प्रदर्शनी आदि में अपनी अहम भूमिका के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का काम कर रही हैं। उन्हें इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री नीलम राजपूत, संकुल समन्वयक प्रयाग सिंह, शिक्षिका फिरोज खान, निहारिका झा, भारती, साहित्यकार डॉ पीसी लाल यादव सहित शिक्षक संवर्ग एवं सामाजिक बंधुओं और पारिवारिक तथा साहित्यिक शुभचिंतकों ने अनंत बधाइयां के साथ शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## महासभा में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पं.क्रं 1282 उपसमिति राजनांदगांव द्वारा 5 सितंबर को चिखली स्थित महाराणा प्रताप मंगल भवन में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन पूजा-अर्चना की गई।

सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं महाराणा प्रताप सरस्वती के साथ महापुरुष की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के साथ समाज के वरिष्ठों का स्वागत किया गया। वहीं देवेश सिंह ठाकुर द्वारा सरस्वती वंदना एवं अपनी गीत की प्रस्तुति दी गई और शिक्षक दिवस की महत्व को बताया गया।

कार्यक्रम में संतोष सिंह चंदेल, देवेंद्र सिंह बैस, आदर्श सिंह ठाकुर, सुरेंद्र सिंह सिकरवार, घनश्याम सिंह चंदेल, बजरंग बहादुर सिंह, अजीत सिंह, कीर्ति विनोद, आरती गौतम, शशि चौहान, विवेक सिंह, लेखन सिंह, रीना राजपूत, कविता गौतम समेत बांके सिंह, वाणी विलास सिंह, दिनेश सिंह, दुर्गा चौहान, नर्मदा ठाकुर, चंदन सिंह, दलजीत सिंह, अमिता सिंह, सोनाली सिंह, सुशीला बघेल, दीपिका बघेल, काजल ठाकुर, शीला ठाकुर, ज्योति पवार, व्यास नारायण सिंह, प्रांजल सिंह, रविंद्र सिंह, लक्ष्मीनारायण सिंह, कुमारी भारद्वाज आदि शामिल रहे। उक्त जानकारी मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

#### शिक्षक की महत्व को समाज के बीच रखा

समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने कहा शिक्षक के महत्वता को समझ पाना आसान नहीं होता, जो समझ जाता है वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर हो जाता है। शिक्षक ही हमारे गुरुओं के साथ हमारे माता-पिता एवं हमारे मार्ग दिशा देने वाले होते हैं। पूर्व अध्यक्ष रामसेवक सिंह ने कहा कि शिक्षक ही वह होते हैं, जो हमको संस्कार की बागडोर शिक्षा के साथ-साथ बच्चों पर संस्कार आना बहुत जरूरी है। पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह, महावीर सिंह गहरवार, प्रदीप गुगेल व शत्रुघ्न सिंह ने अपने विचारों में शिक्षक की महत्व को समाज के बीच रखा। उप समिति के पदाधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्ति और उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान नारियल, गमछा, माला, पुरस्कार के साथ तिलक लगाकर सम्मान किया गया। शिक्षकों द्वारा भी अपने विचार रखे गए। आभार प्रदर्शन महिला सचिव माधुरी ठाकुर व संचालन सचिव रघुनंदन सिंह द्वारा किया गया।

### ओवरब्रिज को लेकर शहर कांग्रेस ने दिया दो दिवसीय धरना

# लगातार हो रहे हादसे, सरकार की नाकामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चिखली ओवरब्रिज जो खैरागढ़-कवर्धा मुख्य मार्ग को जोड़ती है। यातायात के भारी दबाव के चलते दुर्घटना होना आम बात हो गई है। वैसे भी यह ओवरब्रिज लगभग 42 वर्ष हो चुकी है और समय भी खत्म हो चुका है। भाजपा द्वारा चुनावी घोषणा पत्र 2023 में नए ओवरब्रिज की घोषणा कर भूल चुकी है। उन्हें जगाने व जनता को हो रही परेशानियों को राहत दिलाने शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दूसरे दिन पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन शामिल होकर डॉ. .रमन सिंह द्वारा किए गए वादे को याद दिलाते हुए अपने घोषणा पत्र के वादे को पूर कर जर्जर ओवरब्रिज को तोड़ने व नए ओवरब्रिज निर्माण करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने किया।

धरना प्रदर्शन को वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम कोठारी, कमलजीत सिंह पिन्टू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, नरेश डाकलिया, कन्हैया अग्रवाल, वरिष्ठ पार्षद हफीज खान, विवेक वासनिक, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, मनीष गौतम, डॉ. अरूण देवांगन, मानव देशमुख, भरत सोनी, नीरज कन्नौजे ने संबोधित किया।





#### भाजपा करती है वायदा खिलाफी : देवांगन

पूर्व खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कहती है कि कांग्रेस ने कुछ नहीं किया तो यहां के ओवरब्रिज सहित दुर्ग-रायपुर की ब्रिज कांग्रेस शासनकाल की देन है। दुर्ग-रायपुर में तो नए ब्रिज बन गए, किन्तु राजनांदगांव का दुर्भाग्य है कि राजनांदगांव के विधायक रहते 15 साल तक मुख्यमंत्री व वर्तमान में विस अध्यक्ष रहते डॉ.रमन सिंह ने नांदगांव ओवरब्रिज पर पहल न करना सोचनीय विषय है।

#### आए दिन हो रहे हादसे

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि जर्जर और खतरनाक ओवरब्रिज से गुजरते वक्त लोगों में डर बना रहता है कि कोई हादसा न हो जाए। परिवार इस बात से घबराते हैं कि हमारा बच्चा, हमारे पिता ब्रिज पार कर उधर गया है, वह सुरक्षित घर आ जाए। इस ब्रिज में इतना हादसा हो चुका है कि हम बता नहीं सकते।

#### जनभावनाओं के साथ खिलवाड़: सिंहदेव

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव धरना प्रदर्शन में शामिल होकर कहा कि प्रदेश की राजनीति राजनांदगांव से शुरू होती है। अनुभवी माने जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह इस तरह की जनभावना से जुड़े मुद्दे को पूरा न करना बड़ा ही दुर्भाग्य की बात है। डॉ. रमन सिंह को भली-भांति ज्ञात होगा कि इस ब्रिज की उम्र हो चुकी है, जो जर्जर व काफी खतरनाक हो चुकी है, इसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। इस ब्रिज में भारी वाहनों का आवागमन होता है, मैं तो कहूंगा कि सांसद से लेकर डॉ. रमन सिंह को भी इसी ब्रिज से पारकर अपने गृह क्षेत्र जाना पड़ता है। ये सारी जानकारियां होने के बावजूद कुछ नहीं कर रहे हैं तो इससे बड़ा दुर्भाग्यजनक बात और क्या होगा।

## जो सबसे कम गलती करेगा वही सफल होगा, सफलता की कुंजी मेहनत है : संजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में आईक्यूएसी एवं रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. संजय ठिसके के मार्गदर्शन में सात दिवसीय कैरियर गाइडेंस एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस महानदी कोचिंग सेंटर राजनांदगांव डायरेक्टर संजय जैन, संयोजक डॉ. संजय ठिसके, केके देवांगन, डॉ. डीके वर्मा उपस्थित थे। कार्यशाला संयोजक डॉ. संजय ठिसके ने कार्यशाला की विस्तार से जानकारी देते रोजगार से संबंधित एवं कैरियर को कैसे एक मिशन बनाएं इस विषय पर सुझाव दिए।

मुख्य वक्ता डायरेक्टर संजय जैन ने सरकारी नौकरी लगने के लिए कैसे तैयारी करें, इसके बारे में बताया कि परीक्षा को पास करने सिर्फ सिलेबस रटना या घंटों पढ़ाई करना ही काफी नहीं है, बल्कि मानसिक रूप से फिट और शांत रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अक्सर उम्मीदवार किताबें, नोट्स और मॉकटेस्ट पर तो पूरा ध्यान देते हैं, लेकिन तैयारी के दौरान होने वाले तनाव और चिंता को नजर अंदाज कर देते हैं।



#### नोट्स प्रतिदिन करें अपडेट

श्री जैन ने सफलता की कुंजी मेहनत है कहते हुए इस प्रतिस्पर्धा भरे समाज में पीएससी लोक सेवा आयोग व व्यापम की परीक्षा में तैयारी की रूपरेखा की और ध्यान केंद्रित किया। वहीं परीक्षा में आने वाले प्रश्नों की व्याख्या की एवं गूगल व एआई के टूल्स का सही प्रयोग करने के तरीके से अवगत करवाया। साथ ही नोट्स के प्रतिदिन अपडेट करने की बात कही। सही दिशा में तैयारी करने की बात करते कहा कि जो सबसे कम गलती करेगा वही सफल होगा। छात्र-छात्राओं के मन में जो प्रश्न था, उसका भी जवाब जैन द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डीके वर्मा व आभार व्यक्त सहायक प्राध्यापक श्री भाटिया ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**सार समाचार**

## वार्ड नं. 39 में विकास कार्य करने किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव।** वार्ड विकास की कड़ी में वार्ड नं. 39 में अधोसंरचना मद पर्यावरण उपकर निधि अंतर्गत 5 लाख रुपए की लागत से होमियोपैथीक औषधालय के पास शेड निर्माण एवं वाटर कूलर लगाने तथा 10 लाख रुपए की लागत से सागरपारा में सामुदायिक भवन निर्माण के अलावा अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 लाख रुपए की लागत से हीरामोती लाइन मस्जिद रोड में सीमेंट कांक्रिटिंग करने व दुर्गा मंदिर से पठानपारा तक आरसीसी नाली निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत सुनील साहू, डिलेश्वर साहू, रवि सिन्हा, शिव वर्मा, हेमंत शेखर यादव, अमृता मोहन सिन्हा, विजय राय, अजय श्रीवास्तव, करूणा राजपूत, राजेश यादव की उपस्थिति में श्रीफल फोड़कर व गैती चलाकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण भी किया गया। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के डॉ. प्रीति बोरकर, महेन्द्र सिंह, रितेश देवांगन, रमेश सोनवानी, दीपक सिन्हा, संदीप निर्मलकर, गीतेश गुप्ता, संगीता शर्मा, मनोज ढीमर, अमितेश झा ने अतिथियों का स्वागत किया।

भूमिपूजन अवसर पर महापौर यादव ने कहा कि विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा तथा शासन स्वीकृति अनुसार वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज वार्ड नं. 39 में भवन, शेड एवं रोड व नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ होगा, ताकि वार्डवासियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के विकास कार्य वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर उप अभियंता आयुषी सिंह सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## जिला साहू संघ ने किया शिक्षकों का सम्मान

**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ राजनांदगांव ने भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधा कृष्णन की 137वें जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाया।



इस अवसर पर जिला साहू संघ व निःशुल्क कोचिंग क्लास के बच्चों ने जिलाध्यक्ष भागवत साहू के मुख्य आतिथ्य एवं नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू की अध्यक्षता व जिला संयोजक यशवंत साहू, परियोजना अधिकारी वीरेंद्र कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष नीरा साहू, राघवेंद्र साहू, विनय साहू, तिजेंद्र साहू, जगमोहन साहू, सीके साहू की विशेष उपस्थिति में शिक्षकों का श्रीफल, शाल, पेन व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन परदेशी राम साहू ने किया।

सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्रधानपाठक परदेशीराम साहू, भोज गंजीर, शिक्षक नीलमणि साहू, माधव साहू, हेमंत साहू, लविंद्र साव, छन्नूलाल साहू, राजेश साहू, वासु साहू, हृदय हिरवानी, पवन साहू, भीष्म चंद्राकर, संतोष कड़वे, प्रभात, आशीष, अनिल साहू, परसादीराम साहू, सेवक साहू, खिलेश्वरी साहू आदि शामिल हैं।

## अभा पुजारी पुरोहित संघ में नई नियुक्तियां

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्वों के लिए नई नियुक्तियां की गई है।



प्रख्यात कथावाचक आचार्य अशोक चतुर्वेदी हरिवंश को संघ का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें उड़ीसा और उत्तप्रदेश का प्रभारी भी बनाया गया है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के दतिया स्थित पवित्र पीताम्बरा पीठ परिसर के पुजारी अनिल चतुर्वेदी को संघ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उक्त जानकारी देते अभा पुजारी पुरोहित संघ के संचार प्रमुख पं. रूपेश पचौरी ने बताया कि यह नियुक्ति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रतिष्ठित बलबावा मंदिर के पुजारी देवकुमार बालादास द्वारा की गई है। इन नियुक्तियों पर समस्त संत समाज, पुजारी-पुजारीन, पुरोहित, धर्माचार्य एवं श्रद्धालु समुदाय ने प्रसन्नता व्यक्त करते नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने इन नियुक्तियों की अनुशंसा करते कहा कि "अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ का यह निर्णय धर्म परंपरा की मजबूती, सनातन मर्यादाओं के संरक्षण और समाज को दिशा देने का कार्य करेगा। आचार्य अशोक चतुर्वेदी और पुजारी अनिल चतुर्वेदी जैसे विद्वान और समर्पित धर्मसेवियों के नेतृत्व में संघ और अधिक सशक्त बनेगा। इस अवसर पर महंत सुरेन्द्र दास, महंत हेमंत दास, डॉ. रविन्द्र द्विवेदी, राघवेंद्र दास, महंत नंदकिशोर दास, धर्म स्तंभ काउंसिल तथा समस्त संत समाज ने प्रकट करते कहा कि यह नियुक्ति धर्म और समाज के लिए शुभ संकेत है।

## नेशनल कबड्डी में छत्तीसगढ़ की टीम बनी चैम्पियन



**राजनांदगांव।** यूथ स्पोर्ट्स एजुकेशन फेडरेशन इंडिया द्वारा उत्तरप्रदेश के आगरा में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने कबड्डी में चैम्पियन बनी। उक्त प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश सहित लगभग सभी प्रदेश के 14 साल की उम्र से लेकर 50 साल तक के पुरूष और महिला वर्ग के खिलाड़ियों द्वारा खेल के नियम और बेहद अनुशासन का पालन करते ग्रुप खेल कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, बॉलीबॉल, हॉकी एवं एकल खेल 100, 200, 400, 800 मीटर दौड़, कराटे में अपने-अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते खिलाड़ी भावना के साथ खेला गया।

फिट इंडिया ऑर्गनाइजेशन के बैनर तले आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम ने कबड्डी में शानदार फतेह हासिल कर राजनांदगांव जिले को गौरवान्वित किया। छत्तीसगढ़ की कबड्डी टीम खिलावन सिंह ठाकुर सहायक शिक्षक राजनांदगांव की अगुवाई में रामलाल साहू प्रधान पाठक कट्टहा नवागांव, हब्बूराम कंवर, दुवासूराम साहू, लेखराम वर्मा, सुनील सहित अन्य खिलाड़ी शामिल थे। चैंपियनशिप जीत के बाद मुख्य अतिथि मोहम्मद सादिक के हाथों टीम को विनिंग ट्रॉफी गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोहित बंसल, पर्वत हूंन, सुधी चतुर्वेदी मौजूद रहे। उक्त उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित केसीजी व राजनांदगांव के शिक्षकों ने विजेता टीम को बधाई दी है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने सीटी स्कैन मशीन का किया लोकार्पण

# छग बनेगा स्वास्थ्य सुविधाओं का हब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव में सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण तथा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा एवं ट्रॉमा सेंटर स्थापना हेतु भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महापौर मधुसूदन यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।



### मिली बड़ी सौगात

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव को सीटी स्कैन मशीन की एक बड़ी सौगात मिली है। विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से 370 करोड़ रूपए की लागत से शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव का निर्माण हुआ है। अन्य जिलों के मरीजों को भी यहां स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के लिए आज का दिन गौरवपूर्ण है तथा सीटी स्कैन मशीन मिलने से महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कॉलेज को 30 करोड़ रुपए लागत की एमआरआई मशीन मिलेगी। जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। 2 करोड़ 69 लाख रुपए के ट्रामा सेंटर का आज भूमिपूजन एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने इसके लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राजनांदगांव जिले को एक अच्छी सौगात मिली है।

सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक मस्के ने कहा कि शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव को सीटी स्कैन मशीन का मिलना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। चिकित्सा प्रणाली आधुनिक हुई है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी

चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई। उन्होंने राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज को एम्स की तर्ज पर अपने मार्गदर्शन में निर्माण कराया है। मुख्यमंत्री ने पांच मेडिकल कॉलेज कबीरधाम, जांजगीर-चापा, दन्तेवाड़ा एवं जशपुर में स्वीकृत किए हैं। जिसका शीघ्र ही शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुपर मल्टीस्पेशिलिटी हास्टिल प्रारंभ किए जा रहे है तथा 17 जिलों में सीटी स्कैन मशीन एवं एमआरआई मशीन लगाई गई है।

## आज मनेगा शिक्षक दिवस

**राजनांदगांव।** अल्वा फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा कल 7 सितंबर को शिवाजी हॉटेल में भव्य शिक्षक दिवस एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें सत्र 1998-2000 बैच डीएड खैरागढ़ के शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल होंगे। कार्यक्रम के ग्रुप एडमिन ज्ञानचंद साहू ने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक स्वामी हर्षिता बघेल व अध्यक्षता हेमशंकर जेठमल चेयरमैन आल्वा फाउंडेशन नई दिल्ली करेंगे। विशेष अतिथि डॉ. सुनील महाकालकर, डॉ. वायके तिवारी, पुनाराम सिन्हा, दीपक सिन्हा शामिल होंगे।

## पेंशनरों की मासिक बैठक 11 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव की मासिक बैठक माह के दूसरे गुरुवार 11 सितंबर को दोपहर 2 बजे से पेंशनर्स एसोसिएशन भवन डोंगरगांव में आयोजित है। पेंशनर्स एसोसिएशन डोंगरगांव अध्यक्ष ज्योतिषराम यादव ने बताया कि बैठक में पेंशनरों की समस्याओं सहित अन्य पेंशनर्स एसोसिएशन के गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा।

# शहर में चाकूबाजी, युवक घायल, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के दीवानपारा गणेश पंडाल के पास बीती रात एक युवक पर चाकू से हमला कर मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने 5 आरोपी सहित एक नाबालिग को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपियों से बुलेट, स्कूटी व चाकू बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 सितंबर को प्रार्थी हिमांशु केमे 20 साल निवासी दीवानपारा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 5 सितंबर को रात्रि में खाना खाकर गौराचौरा दीवानपारा के पास जय गणेश उत्सव समिति के पंडाल के पास आया हुआ था।

### पुलिस ने की घेराबंदी

इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, वैशाली जैन एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक रामेन्द्र सिंह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में तत्काल पुलिस टीम रवाना कर आरोपियों की पतासाजी कर मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी की गई।



### जान से मारने की दी धमकी

इसी दौरान रात्रि साढे 10 बजे जमातपारा के रहने वाले आरोपी युवक गणेश पंडाल में बुलेट और एक्टिवा में आकर बुलेट का एक्सीलेटर जोर-जोर से चलाकर फटाका की आवाज निकाल रहे थे। जिससे पंड़ाल के पास बहुत शोर-शराबा होने तथा साइलेंसर से अधिक धुंआ निकलने पर इसके द्वारा मना करने पर तुम कौन होते हो मना करने वाले, कहकर गालियां देकर जान से मारने की धमकी देकर मयंक ठाकुर द्वारा अपने पास रखे हुए धारदार चाकू से मुझे दांहिने कमर के नीचे कुल्हा के पास मारने से चोंट आना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 118 (2), 191(3), 3 (5) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी तारकेश्वर पाल उर्फ सोनू 22 साल जमातपारा, अंकुश यादव उर्फ बाबू 20 साल जमातपारा, मयंक धर्मी उर्फ करण 19 साल जमातपारा, अमन यादव 21 साल जमातपारा, बलराम यादव उर्फ बिट्टू 24 साल जमातपारा एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़कर थाना लाया गया। पूछताछ पर घटना करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेट बिना नंबर व स्कूटी एक्टिवा ग्रे कलर एवं लोहे का धारदार चाकू जब्त कर पांचों आरोपियों को 6 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

# प्राचार्य कार्यालय का घेराव

■ मांगों को लेकर सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अव्यवस्थाओं और छात्रों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजनांदगांव इकाई ने मोर्चा खोल दिया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने छात्रों की समस्याओं को लेकर प्राचार्य कार्यालय का घेराव कर जमकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान परिषद की ओर से महाविद्यालय प्रबंधन को मांग पत्र भी सौंपा गया।

एबीवीपी के जिला संयोजक जीत प्रजापति ने बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को बीते दो वर्षों से ओरिजनल मार्कशीट प्रदान नहीं की गई है। इसके अलावा ऐसे छात्र जिन्होंने एटीकेटी के बाद रिटोटलिंग के लिए फॉर्म भरे थे, उनका परिणाम आज दिनांक तक नहीं



आया है। कई छात्रों को यह तक नहीं पता कि वे पास हुए हैं या फेल। इस असमंजस की स्थिति से छात्र मानसिक तनाव में हैं और उनकी आगे की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

एबीवीपी के नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि केमिस्ट्री ऑनर्स के छात्रों के लिए किसी भी कक्षा का स्पष्ट निर्धारण नहीं किया गया है। छात्रों को अलग-अलग कक्षाओं में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। जिससे पढ़ाई बाधित हो रही है। कई बार तो ऐसा भी हुआ है कि एक कक्षा में बैठने के दौरान किसी अन्य विषय के शिक्षक छात्रों को कक्षा से बाहर निकाल देते हैं। जिससे उनकी पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है।

# युगांतर में मम्मी एंड मी डांस स्पर्धा का शानदार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी मदर्स के साथ डांस कॉम्पिटिशन में विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी की उपस्थिति में भाग लिया। बच्चों ने अपनी मदर्स के साथ अलग-अलग थीम में डांस कर सबका मन मोह लिया।

बच्चों की मदर्स ने अपनी शानदार नृत्य-कला का प्रदर्शन किया। प्रायः घर में मदर्स पाक कला में व्यस्त रहती है। विद्यालय में इस तरह मदर्स को नृत्य करते देखकर सभी आश्चर्य और खुशी से आल्हादित हो गए। इस शानदार गतिविधि में पालकों की प्रभावी सहभागिता दर्ज की और उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। यह आकर्षक गतिविधि विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर और हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी के मार्गदर्शन में विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों और उनकी मदर्स के सहयोग से



सफलतापूर्वक आयोजित हुई। इस गतिविधि के माध्यम से कक्षा पहली तथा दूसरी के बच्चों ने अपनी मदर्स के साथ बॉलीवुड, तीसरी तथा चौथी के बच्चों ने बॉलीवुड परंपरागत नृत्य, 5वीं के बच्चों ने पौराणिक थीम पर अपनी शानदार नृत्य कला को प्रस्तुत किया। कक्षा पहली में प्रथम दिवा उबरानी, द्वितीय अविका अग्रवाल, तृतीय अबीर राज सिंग भाटिया, अविशा चौरसिया, प्रोत्साहन पुरस्कार शरण्या पांडे तथा दूसरी में प्रथम आन्या जेसूजा, द्वितीय ऋषिका भिमनानी, तृतीय शहबाजदीप सिंग गरिचा, प्रोत्साहन पुरस्कार कियारा जैन, आयेजा एथेसन रहे। तीसरी में प्रथम काश्वी राय, द्वितीय श्रीविका खंडेलवाल, तृतीय ऋद्धि जैन, प्रोत्साहन पुरस्कार दाव्या जैन तथा चौथी में प्रथम श्रेणिक कोठारी, द्वितीय आरना तलरेजा, तृतीय सिया खंडेलवाल, प्रोत्साहन पुरस्कार समवेग सिंगी तथा 5वीं में प्रथम दनिका गुप्ता, द्वितीय बनित कौर धल्ला, तृतीय आर्या गुप्ता, प्रोत्साहन पुरस्कार खुशी डाकलिया रही। यह गतिविधि प्रतियोगिता के रूप आयोजित हुई। जिसकी निर्णायिका ज्योति पटेल, तनुश्री केहरी, डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा रही। इस दौरान बच्चों और उनकी मदर्स को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन की सफलता पर विद्यालय की प्रबंध समिति ने हर्ष प्रकट किया है।

## राशन दुकान आबंटन में गड़बड़ी की शिकायत



**राजनांदगांव।** जिले में खाद्य विभाग अवैध राशन दुकानों को आबंटित कर स्थानीय महिला समूह सशक्तिकरण पर चोंट पहुंचाने का काम कर रही है। इसके खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आसिफ अली ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग करते अवैध राशन दुकान आबंटन में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आसिफ अली ने बताया कि राजनांदगांव शहर सहित जिले में राशन दुकानों में भ्रष्टाचार की बाढ़ आई है और तो और जिस प्रकार से राशन दुकान आवंटन के लिए पीडीएस कंट्रोल ऑर्डर 2016 लागू है, उसका उल्लंघन करते राजनांदगांव शहर के स्टेशनपारा वार्ड नंबर 11 के दुकान सहित अन्य दुकानों को भी अवैध आबंटन किए जाने की शिकायत की गई है। आसिफ अली ने कहा कि राशन दुकानों जो सीधे जनता से जुड़ा हुआ मामला है, यदि भ्रष्टाचार और भाजपाई हस्तक्षेप नहीं रूका तो कांग्रेस सड़क की लड़ाई लड़ने बाध्य होवेगी। ज्ञापन के दौरान आईटी सेल के शहर अध्यक्ष मयंक सोनी, धीरज रामटेके, मोनिश साहू, जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# विस अध्यक्ष ने चयनित गणेश समितियों को किया पुरस्कृत



**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित समितियों को पुरस्कार वितरण करने विधानसभा अध्यक्ष निवास जीई रोड राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने महापौर मधुसूदन यादव सहित कोमल सिंह राजपूत, अतुल विश्वकर्मा व पार्षदों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गणेश समितियों को पुरस्कृत किया गया।

गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों में विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने गणेश प्रतियोगिता वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा में प्रथम विनायक मंडल गणेश उत्सव समिति कामठी लाइन को 6 हजार रुपए का चेक, द्वितीय श्री पाटीदार गणेश उत्सव समिति जीई रोड को 4 हजार व तृतीय लालबाग गणेश उत्सव समिति दुर्गा मंदिर परिसर लालबाग को 3 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार विसर्जन झांकी के अ वर्ग में प्रथम उमंग गणेश उत्सव समिति हमालपारा को 41 हजार, द्वितीय सुमति मंडल कामठी लाइन को 21 हजार एवं तृतीय बस स्टैंड गणेश उत्सव समिति पुराना बस स्टैंड को 11 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार ब वर्ग में प्रथम गंज गणेश उत्सव समिति भारत माता चौक को 31 हजार, द्वितीय आजाद गणेश उत्सव समिति आजाद चौक को 18 हजार एवं तृतीय तिरंगा मंडल अशोक स्तंभ चौक को 10 हजार रुपए का चेक प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पार्षदगण सहित गणेश समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश अध्यक्ष का भाजयुमो ने किया स्वागत

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का गुरुवार को राजनांदगांव जिले में प्रथम आगमन हुआ। इस दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिलेभर से पहुंचे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर और नारे लगाकर प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया।

जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर स्वागत का सिलसिला ग्राम टेड़ेसरा से शुरू हुआ, जहां ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद राहुल टिकरिहा का काफिला सबसे पहले डोंगरगढ़ पहुंचा, जहां उन्होंने मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर आशीर्वाद



लिया। मंदिर परिसर में क्षेत्रीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भेंट की और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में मार्गदर्शन दिया। दर्शन उपरांत प्रदेश अध्यक्ष चंद्रगिरी तीर्थ भी पहुंचे। यहां से सड़क मार्ग से राजनांदगांव के लिए रवाना हुए। संस्कारधानी में प्रवेश करते ही आंबेडकर चौक पर जिला भाजयुमो की टीम ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच उनका स्वागत किया। यहां मंच पर चढ़कर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी का अभिनंदन किया और युवाओं के इस जोश को सराहते हुए कहा कि यह संगठन क्षमता और एकता ही भाजयुमो की पहचान और भाजपा के संस्कार हैं। इसके बाद काफिला प्यारेलाल चौक पर रिभय मधुसूदन यादव ने टीम के साथ और महावीर चौक में उत्तर दक्षिण मण्डल अध्यक्ष सज्जन ठाकुर, प्रखर श्रीवास्तव के नेतृत्व में मण्डल पदाधिकारियों ने अध्यक्ष का अभिनंदन किया। यहां से होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से काफिला गुजरा। हर स्थान पर युवा मोर्चा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

शहर भ्रमण के बाद प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का काफिला जिला भाजपा कार्यालय पहुंचा, जहां अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महांत्री सौरभ कोठारी और रविंद्र वैष्णव, मोनू बहादुर सिंह, सुमित भाटिया, गोलू गुप्ता भी मौजूद रहे। मंच पर जिले के वरिष्ठ नेताओं, भाजपा पदाधिकारियों और युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 7 सितंबर 2025



## गाजे-बाजे के साथ निकली समितियां, अगले बरस तू जल्दी आ के लगे जयकारे कुंड में विसर्जित की गई छोटी मूर्तियां, नम आंखों से लोगों ने दी बप्पा को बिदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले दस दिनों से जारी गणेश पर्व का समापन शनिवार को धूमधाम से बप्पा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ हो गया है। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर घर-दफ्तर सहित पंडालों में विराजमान गणेशजी की छोटी-बड़ी मूर्तियों का तालाब, नदी और कुंड में विसर्जन किया गया। शहर में विसर्जन के लिए ननि द्वारा विशेष कुंड का निर्माण कराया गया था, जहां देर शाम तक डेढ़ हजार से अधिक मूर्तियों का विसर्जन किया गया। विसर्जन के अवसर पर जहां लोगों ने नम आंखों से बप्पा को बिदाई दी। वहीं गाजे-बाजे के बीच अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे भी गूंजते रहे। उल्लेखनीय है कि 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के मौके पर अंचल में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। दस दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों और भक्ति के बाद शनिवार को अनंत चतुर्दशी के मौके पर विसर्जन का कार्य किया गया। पिछले कुछ सालों में देखने को मिला है कि शहर में बड़ी संख्या में लोग अनंत चतुर्दशी के दूसरे दिन भी मूर्ति विसर्जित करते आए हैं, परन्तु इस बार दूसरे दिन यानि आज रविवार की दोपहर से चंद्रग्रहण का सूतक लगने के कारण अधिकांश लोगों ने शनिवार को ही मूर्तियों का विसर्जन कर दिया है।

### तट पर की आरती

अपने घर और दफ्तर में मूर्तियां स्थापित करने वाले लोगों ने भी शनिवार को मोहारा स्थित शिवनाथ के तट पर मूर्तियों का विसर्जन किया। लोगों ने घर और दफ्तर से मूर्ति मोहारा लाकर पहले तट पर आरती की। जिसके बाद प्रसाद वितरण कर विसर्जन का कार्य किया गया। शनिवार को दिनभर मोहारा में मूर्ति विसजर्न करने वाले लोगों की भीड़ लगी रही। विसर्जन करने पहुंचने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए भी पुलिस बल की तैनाती स्थल पर की गई थी, जिन्हें छोटे बच्चे एवं अन्य लोगों को उत्साह में आकर नदी के भीतर जाने से रोकने की जिम्मेदारी भी दी गई थी।





### खबर संक्षेप

## ई-चालान के नाम पर हो रही ठगी, विभाग ने दिया सतर्कता का संदेश



**राजनांदगांव।** यातायात नियम तोड़ने पर कार्रवाई किए जाने ई-चालान का फर्जी मैसेज भेजकर लोगों से लिंक के माध्यम से धोखाधड़ी किए जाने के मामले सामने आ रहे हैं। जिससे सतर्क रहने को लेकर परिवहन विभाग ने लोगों को सचेत किया है और आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग कर ई-चालान पटाने अपील की है। प्रदेश में आरटीओ ई-चालान से संबंधित धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। जिसमें नकली ई-चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में फर्जी तरीके से डराने वाले संदेश के जरिये लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी लेकर उनके बैक खाते से रुपए निकाला जा रहा है, जिस पर परिवहन विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक, एपीके फाईल पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने अधिकारिक विभागीय वेबसाईट पर जाकर ई-चालान से संबंधित डिटेल चेक करें।

**आधिकारिक वेबसाइट से ही होता है चालान**

पुलिस एवं परिवहन के प्रवर्तन अमले द्वारा जब भी ई-चालान किया जाता है, पंजीकृत मोबाइल में संबंधित को टेक्स्ट मैसेज अधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही भेजे जाते हैं। अन्य तरीके से भेजे गए मैसेज फर्जी हो सकते हैं। जिससे लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**थाने में करें शिकायत**

आम लोगों की जागरूकता के लिए यह अपील है कि यदि आपको किसी ई-चालान मैसेज के साथ कोई लिंक मिलता है, तो उस पर कभी क्लिक न करें। कभी भी किसी अजनबी को ऑनलाइन पैसे का भुगतान न करें और अपने खाते से किसी भी लेने-देन से सावधान रहें। किसी भी धोखेबाज कॉल, संदेश या ऐप के संबंध में निकट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

## देशभक्ति और पौराणिक कथाओं पर आधारित झांकियों ने दर्शकों को लुभाया, आकर्षक मूवमेंट ने खींचा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेश पर्व पर निकाले जाने वाली अपनी चलित झांकियों के लिए देशभर में प्रख्यात राजनांदगांव में इस बार भी बड़े ही धूमधाम से अनंत चतुर्दशी की रात को गणेश समितियों द्वारा नयनभिराम झांकियां निकाली गई। शहर में लगभग 30 समितियों द्वारा एक जीप से लेकर तीन जीप तक की झांकियां बनाई गई थी।



देशभक्ति और पौराणिक कथाओं पर आधारित इन झांकियों को देखने लाखों की संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचे थे। झांकियों में शामिल मूर्तियों के खास और आकर्षक मूवमेंट ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। गाजे-बाजे और डीजे की धुन के बीच युवाओं में भी जमकर उत्साह झांकी की रात देखने को मिला। पुलिस प्रशासन ने भी सभी चौक-चौराहों के साथ ही झांकी रूट पर अपनी तगड़ी सुरक्षा बनाई हुई थी। झांकी में आने वाले हजारों-लाखों लोगों को देखते हुए झांकी रूट पर बड़ी संख्या में छोटे व्यापारियों ने दुकानें भी लगाई थी। पानी, नाश्ता सहित अन्य सामग्रियों की रातभर बिक्री चलती रही। जनप्रतिनिधियों ने भी स्टेज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर झांकी निकालने वाली गणेश समितियों का उत्साहवर्धन किया। नगर निगम द्वारा निर्धारित टीम ने भी सभी झांकियों को बारिकी से देखा और दिए जाने वाले पुरस्कार के लिए अंक निर्धारित किए। झांकी रूट पर नगर निगम, जिला प्रशासन के अलावा बड़ी संख्या में समाजसेवा संगठन, राजनीतिक दल एवं गणेश समितियों द्वारा स्टेज बनाया गया था।

### डीजे और धुमाल की गूंज के बीच जमकर थिरके गणेश भक्त




**सुरक्षा में तैनात रहा बल :** विसर्जन के अवसर पर निकाले जाने वाली चलित झांकियों को देखने पहुंचे हजारों-लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी की गई थी। बड़ी संख्या को ध्यान में रखते पुलिस महकमे ने शहर में 800 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इनमें राजनांदगांव रेंज के सभी चार जिलों के साथ ही पुलिस हेडक्वार्टर से मिला बल शामिल रहा। इसके अलावा एसपी, एएसपी, डीएसपी सहित टीआई रैंक के भी चार दर्जन से अधिक अफसरों की तैनाती की गई थी।

## आज से पितृपक्ष का आगाज, पितरों को तर्पण देकर लोग लेंगे आशीर्वाद

### आज से 21 सितंबर तक रहेगा पितृपक्ष, महंगी होगी तोरई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अनंत चतुर्दशी के दूसरे दिन से पितृपक्ष प्रारंभ हो रहा है। इस दौरान लोग श्रद्धा भक्ति के साथ अपने अपने पितरों को नदी व तालाब में जल का तर्पण देकर पितरों को याद कर आशीर्वाद लेंगे। जिसकी तैयारियां भी पूर्ण कर ली गई है। इस पक्ष को मानने वाले इस अवधि में शुभ कार्य नहीं करते।

पंडितों के मुताबिक पितृपक्ष को विशेष माना गया है। ऐसी मान्यता हैं कि इस दौरान पितरों को तर्पण करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है, पितर प्रसन्न होते हैं। उनका आशीर्वाद घर-परिवार में बना रहता है। इस 15-16 दिनों की अवधि में, लोग अपने पूर्वजों का स्मरण कर उन्हें जल अर्पित करते हैं, ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं और दान-पुण्य करते हैं, जिससे पितर प्रसन्न होकर वंशजों को सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का आशीर्वाद देते हैं।



### नहीं होंगे शुभ कार्य

ऐसी मान्यताएं हैं कि पितृपक्ष को मानने वाले इस दौरान शुभ कार्यों करने से परहेज करते हैं। यह पक्ष पूरा पितरों को समर्पित रहता है। नदी-तालाब में बड़ी संख्या में लोग पितरों को तर्पण करने पहुंचते हैं। माना गया है कि पितरों का श्राद्ध करने से पितर प्रसन्न होते हैं और घर-परिवार में खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

### 7 से 21 सितंबर तक पितृपक्ष

पंचाग के मुताबिक भाद्रपद की पूर्णिमा तिथि 7 सितंबर को देर रात 1.41 मिनट पर शुरू होगी। जिसका समापन 7 सितंबर को रात 11.38 मिनट पर होगा। जिसके कारण रविवार को 7 सितंबर के दिन से पितृपक्ष की शुरूआत हो रही है। सर्व पितृ अमावस्या 21 सितंबर को होगी। श्राद्ध हमेशा पितरों को मृत्यु तिथि पर ही किया जाता है।

**दान-पुण्य का महत्व :** अगर पितरों की मृत्यु की तिथि यदि याद नहीं है तो सर्व पितृ अमावस्या पर श्राद्ध कर्म कर सकते हैं। इस दौरान श्राद्ध के दिन ब्राम्हणों को भोजन कराना, दान दक्षिणा का विशेष महत्व माना गया है। इससे पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। पंडितों के मुताबिक पितृपक्ष के दौरान प्रतिदिन जल, तिल और कुशा से पितरों को तर्पण करते समय उनका नाम लिया जाता है। इस दौरान घर में सात्विक भोजन ही बनाना चाहिए, तामसिक भोजन से बचाना चाहिए।

## युगांतर में मम्मी एंड मी डांस स्पर्धा का शानदार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी मदर्स के साथ डांस कॉम्पिटिशन में विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी की उपस्थिति में भाग लिया। बच्चों ने अपनी मदर्स के साथ अलग-अलग थीम में डांस कर सबका मन मोह लिया।

बच्चों की मदर्स ने अपनी शानदार नृत्य-कला का प्रदर्शन किया। प्रायः घर में मदर्स पाक कला में व्यस्त रहती है। विद्यालय में इस तरह मदर्स को नृत्य करते देखकर सभी आश्चर्य और खुशी से आल्हादित हो गए। इस शानदार गतिविधि में पालकों की प्रभावी सहभागिता दर्ज की और उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। यह आकर्षक गतिविधि विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर और हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी के मार्गदर्शन में विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों और उनकी मदर्स के सहयोग से



सफलतापूर्वक आयोजित हुई। इस गतिविधि के माध्यम से कक्षा पहली तथा दूसरी के बच्चों ने अपनी मदर्स के साथ बॉलीवुड, तीसरी तथा चौथी के बच्चों ने बॉलीवुड परंपरागत नृत्य, 5वीं के बच्चों ने पौराणिक थीम पर अपनी शानदार नृत्य कला को प्रस्तुत किया। कक्षा पहली में प्रथम दिवा उबरानी, द्वितीय अविका अग्रवाल, तृतीय अबीर राज सिंग भाटिया, अविशा चौरसिया, प्रोत्साहन पुरस्कार शरण्या पांडे तथा दूसरी में प्रथम आन्या जेसूजा, द्वितीय ऋषिका भिमनानी, तृतीय शहबाजदीप सिंग गरिचा, प्रोत्साहन पुरस्कार कियारा जैन, आयेजा एथेसन रहे। तीसरी में प्रथम काश्वी राय, द्वितीय श्रीविका खंडेलवाल, तृतीय ऋद्धि जैन, प्रोत्साहन पुरस्कार दाव्या जैन तथा चौथी में प्रथम श्रेणिक कोठारी, द्वितीय आरना तलरेजा, तृतीय सिया खंडेलवाल, प्रोत्साहन पुरस्कार समवेग सिंगी तथा 5वीं में प्रथम दनिका गुप्ता, द्वितीय बनित कौर धल्ला, तृतीय आर्या गुप्ता, प्रोत्साहन पुरस्कार खुशी डाकलिया रही। यह गतिविधि प्रतियोगिता के रूप आयोजित हुई। जिसकी निर्णायिका ज्योति पटेल, तनुश्री केहरी, डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा रही। इस दौरान बच्चों और उनकी मदर्स को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन की सफलता पर विद्यालय की प्रबंध समिति ने हर्ष प्रकट किया है।

## राशन दुकान आबंटन में गड़बड़ी की शिकायत



**राजनांदगांव।** जिले में खाद्य विभाग अवैध राशन दुकानों को आबंटित कर स्थानीय महिला समूह सशक्तिकरण पर चोंट पहुंचाने का काम कर रही है। इसके खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आसिफ अली ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग करते अवैध राशन दुकान आबंटन में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आसिफ अली ने बताया कि राजनांदगांव शहर सहित जिले में राशन दुकानों में भ्रष्टाचार की बाढ़ आई है और तो और जिस प्रकार से राशन दुकान आवंटन के लिए पीडीएस कंट्रोल ऑर्डर 2016 लागू है, उसका उल्लंघन करते राजनांदगांव शहर के स्टेशनपारा वार्ड नंबर 11 के दुकान सहित अन्य दुकानों को भी अवैध आबंटन किए जाने की शिकायत की गई है। आसिफ अली ने कहा कि राशन दुकानों जो सीधे जनता से जुड़ा हुआ मामला है, यदि भ्रष्टाचार और भाजपाई हस्तक्षेप नहीं रूका तो कांग्रेस सड़क की लड़ाई लड़ने बाध्य होवेगी। ज्ञापन के दौरान आईटी सेल के शहर अध्यक्ष मयंक सोनी, धीरज रामटेके, मोनिश साहू, जितेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## खंडग्रास चंद्रग्रहण पर मंदिरों के पट रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, वैभव निर्वाणी, राम जानकी बाला बाबा मंदिर के पुजारी ने संयुक्त रूप से बताया कि कल 7 सितंबर को रात्रि 9.57 बजे खंडग्रास चंद्रग्रहण स्पर्श का समय है।

चंद्रग्रहण का सूतक रविवार दोपहर 12.57 बजे लगेगा। चंद्रग्रहण का मोक्ष रात्रि 1.26 बजे होगा। उक्त समय में राम जानकी बाला बाबा मंदिर सोनारपारा का पट भी बंद रहेगा अर्थात दोपहर 12.57 बजे से दूसरे दिन प्रातः सूर्योदय तक अर्थात सोमवार सुबह मंदिरों के पट खुलेंगे। ग्रहणकाल में मंत्र जाप, भजन-



कीर्तन कर सकते हैं। 7 सितंबर से ही पितृपक्ष प्रारंभ हो रहा है। पूर्णिमा के श्राद्ध कर्म के लिए ब्राम्हण भोजन अथवा दान-पुण्य दोपहर 12 बजे के पूर्व सभी कार्य पूर्ण हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

सूतक काल में अन्न व जल ग्रहण नहीं किया जाता। सूतककाल में चांवल व अन्य खाद्य पदार्थों को कुश व तुलसी पत्र डालकर शुद्ध रखा जाता है।

## प्रदेश अध्यक्ष का भाजयुमो ने किया स्वागत

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का गुरुवार को राजनांदगांव जिले में प्रथम आगमन हुआ। इस दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिलेभर से पहुंचे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर और नारे लगाकर प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया।

जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर स्वागत का सिलसिला ग्राम टेड़ेसरा से शुरू हुआ, जहां ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद राहुल टिकरिहा का काफिला सबसे पहले डोंगरगढ़ पहुंचा, जहां उन्होंने मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर आशीर्वाद



लिया। मंदिर परिसर में क्षेत्रीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भेंट की और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में मार्गदर्शन दिया। दर्शन उपरांत प्रदेश अध्यक्ष चंद्रगिरी तीर्थ भी पहुंचे। यहां से सड़क मार्ग से राजनांदगांव के लिए रवाना हुए। संस्कारधानी में प्रवेश करते ही आंबेडकर चौक पर जिला भाजयुमो की टीम ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच उनका स्वागत किया। यहां मंच पर चढ़कर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी का अभिनंदन किया और युवाओं के इस जोश को सराहते हुए कहा कि यह संगठन क्षमता और एकता ही भाजयुमो की पहचान और भाजपा के संस्कार हैं। इसके बाद काफिला प्यारेलाल चौक पर रिभय मधुसूदन यादव ने टीम के साथ और महावीर चौक में उत्तर दक्षिण मण्डल अध्यक्ष सज्जन ठाकुर, प्रखर श्रीवास्तव के नेतृत्व में मण्डल पदाधिकारियों ने अध्यक्ष का अभिनंदन किया। यहां से होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से काफिला गुजरा। हर स्थान पर युवा मोर्चा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

शहर भ्रमण के बाद प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का काफिला जिला भाजपा कार्यालय पहुंचा, जहां अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महांत्री सौरभ कोठारी और रविंद्र वैष्णव, मोनू बहादुर सिंह, सुमित भाटिया, गोलू गुप्ता भी मौजूद रहे। मंच पर जिले के वरिष्ठ नेताओं, भाजपा पदाधिकारियों और युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➔ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➔ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➔ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➔ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में विधि विधान से पूजा अर्चना व हवन के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जित



**हरिभूमि बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिल्हाटी में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना व हवन पश्चात श्री गणेश विसर्जन किया गया। बाजे गाजे के साथ झूमते हुए श्री गणेश की जयघोष व गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ व गाजे बाजे के साथ नाचते गाते तथा झुमते हुए क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि की कामना करते हुए नगर भ्रमण कर मां महामाया तालाब में विसर्जित कर गई। इस अवसर पर राजकुमार साहू, पवन, रेशु, विवेक लवी, मोहन, अनिल, मनीष, सुनील, लक्ष्य, दुर्गेश, महेंद्र, धर्मराज, भूनू, शुभम, सृष्टि, सुभाष, प्रदीप, प्रमोद, संजू सूरज, संदीप, लवकेश, राकेश, संदीप सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### अंचल में विघ्नहर्ता श्री गणेश का पूजन साथ ही साथ हवन पूर्णाहुति किया गया

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, धनेली, भागलपुर, पिपरमाटी, बसनी, घोरपेंड्री, कंझेटा, मोहतराकला व दामापुर तथा कुंडा सहित आसपास क्षेत्र में मंगलकर्ता गौरी पुत्र श्री गणेश का विधि-विधान के साथ पूजा पाठ तथा हवन कर क्षेत्र की सुख व समृद्धि की कामना करते हुए विधि विधान के साथ अनंत चतुर्दशी के महापर्व पर विघ्नहर्ता गणेश का पूजन साथ ही साथ हवन पूर्णाहुति किया गया।



### इंदिरा गांधी महाविद्यालय पंडरिया में रजत जयंती सम्मान समारोह सम्पन्न



**हरिभूमि पंडरिया।** इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय पंडरिया में रजत जयंती सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व छात्र-छात्राओं का अभिनंदन और सम्मान के साथ प्राचार्य मधुसूदन राजपूत साथ समस्त कॉलेज स्टाफ के सहयोग से पंडरिया महाविद्यालय में गरिमापूर्ण समारोह का सफल आयोजन हुआ। इस विशेष आयोजन में प्रमुख रूप से संजय सोनी पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि कॉलेज पंडरिया के साथ सक्रिय पार्षद अनुराग सिंह ठाकुर, पार्षद नरोत्तम साहू, आरुषि श्रीवास्तव, निशा टंडन तथा पूर्व छात्र-छात्राओं के साथ वर्तमान विद्यार्थियों ने अपनी महत्व पूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा दीप प्रज्वलन, पूर्व स्टूडेंट्स सम्मान के साथ विचारो का आदान प्रदान प्रमुख बिंदु रहा। सभी अतिथियों ने उत्तरोत्तर विकास की बातो के साथ कॉलेज के विकास हेतु अपने विचार व्यक्त किए तथा आगे महाविद्यालय से जुड़कर उन्नति के प्रयास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु संकल्पित हुए। कार्यक्रम में अंत में श्री पटेल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की संपूर्णता की घोषणा की।

### पीजी कॉलेज में पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित




**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में शनिवार को रजत जयंती उत्सव के उपलक्ष्य में पूर्व छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का सफल संचालन पूर्व छात्र प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती वंदना से की गई। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा ने सभी अतिथियों, पूर्व छात्राओं और सहभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान की गौरवशाली पूंजी होते हैं। उनका मार्गदर्शन वर्तमान विद्यार्थियों के लिए संबल का कार्य करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिंकेश वैष्णव अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ने अपने वक्तव्य में कहा कि पूर्व छात्र केवल स्मृतियां नहीं होते, बल्कि वे संस्था के विस्तार और विकास के मजबूत आधार होते हैं। इस प्रकार के आयोजन संस्थान और समाज के बीच सेतु का कार्य करते हैं। विशेष अतिथि के रूप में उमेश पाठक (प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय, बोड़ला) एवं अजय ठाकुर (सदस्य जनभागीदारी समिति) उपस्थित रहें सभी अतिथियों ने महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपरा एवं पूर्व छात्रों की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण रहा अनुभव साझा सत्र जिसमें पूर्व छात्रों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए। डॉ राजा झारिया, एसआर चंद्रवंशी, शीतल साहू तथा सुश्री दिव्या कुर्रे ने कॉलेज के दिनों की स्मृतियों को साझा करते हुए महाविद्यालय को अपनी सफलता का मूल आधार बताया। ओएन कुर्रे द्वारा महाविद्यालय के अब तक का सफर विषय पर प्रस्तुत की गई जानकारी बेहद प्रेरणादायक रही। उन्होंने महाविद्यालय की स्थापना, विकास यात्रा और उपलब्धियों को कालक्रमानुसार प्रस्तुत करते हुए संस्थान की गरिमा को रेखांकित किया। कार्यक्रम में शिक्षा, समाज सेवा और अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाले पूर्व छात्राओं को सम्मानित किया गया।






## सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से कबीरधाम को मिली बड़ी सौगात

# जिले को मिली न्याय की नई शक्ति, विजय शर्मा ने किया फॉरेंसिक लैब का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले के लिए आज का दिन ऐतिहासिक बनाते हुए उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने जिलेवासियों को एक बड़ी सौगात दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को कवर्धा में प्रदेश की 5वीं क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा के निरंतर प्रयासों से साकार हुआ यह महत्वपूर्ण कदम न केवल कबीरधाम जिले के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। इस प्रयोगशाला की स्थापना से अपराध जांच की प्रक्रिया और अधिक वैज्ञानिक, पारदर्शी तथा त्वरित होगी साथ ही न्यायिक कार्यवाही को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। यह प्रयोगशाला आने वाले समय में प्रदेश में अपराध नियंत्रण और न्याय व्यवस्था सुदृढ़ करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, विशेष कर्तव्यस्त अधिकारी सुशील द्विवेदी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र छवई, डॉ चन्द्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने शुभारंभ के अवसर पर कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान आज आधुनिक अपराध जांच की रीढ़ बन चुका है। हत्या, बलात्कार, लूट, साइबर अपराध, आर्थिक अपराध और मादक पदार्थो की तस्करी जैसे गंभीर मामलों में अब केवल पारंपरिक तरीकों से न्याय पाना संभव नहीं है। आज के दौर में वैज्ञानिक साक्ष्य ही अपराधियों को बेनकाब करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने का सबसे सशक्त माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर छोड़ा गया डीएनए का अंश, खून का एक छोटा सा धब्बा, बाल का तंतु, जूतों के निशान, बारूद के कण या फिर डिजिटल उपकरणों में छिपा डेटा, यही सबूत अपराधियों तक हमें पहुंचाते हैं और अदालत में उन्हें कठोर सजा दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। श्री शर्मा ने बताया कि जिले में स्थापित यह अत्याधुनिक क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला हमारी जांच व्यवस्था को नई गति और सटीकता प्रदान करेगी। यहां उपलब्ध आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षित वैज्ञानिक अधिकारी हर तरह के अपराध की जांच को और अधिक मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस प्रयोगशाला के माध्यम से न केवल अपराधियों पर शिकंजा कसना आसान होगा, बल्कि आम जनता का न्याय व्यवस्था पर भरोसा और भी मजबूत होगा। यह प्रयोगशाला कबीरधाम ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ के लिए न्याय और सुरक्षा की नई उम्मीद लेकर आई है। इस प्रयोगशाला की स्थापना से जिले व आस-पास के जिलों में अपराधों के साक्ष्यों की त्वरित जांच की सुविधा मिलेगी साथ ही कानून व्यवस्था सुदृढ़ होगी और आम जनता में कानून के प्रति और विश्वास बढ़ेगा साथ ही न्यायिक प्रक्रिया न केवल तेज होगी बल्कि अधिक पारदर्शी होगी। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में और उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयासों से प्रदेश में सामाजिक न्याय को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अपराधों से संबंधित साक्ष्यों का अब वैज्ञानिक आधार पर परीक्षण होगा, जिससे दोषियों को त्वरित और निश्चित सजा दिलाना संभव होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयोगशाला केवल अपराध जांच की प्रक्रिया को गति नहीं देगी, बल्कि समाज में न्याय और समानता की भावना को और अधिक सशक्त करेगी। वैज्ञानिक तकनीक के इस्तेमाल से निर्दोषों की बेगुनाही शीघ्र सिद्ध होगी और अपराधियों को कठोर दंड मिलेगा। इससे न्यायपालिका पर जनता का विश्वास बढ़ेगा और समाज में शांति व सुरक्षा की भावना और प्रबल होगी। विधायक श्रीमती बोहरा ने इसे कबीरधाम के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि कबीरधाम की यह प्रयोगशाला आने वाले समय में न केवल जिले, बल्कि आसपास के सभी जिलों के लिए भी न्याय और सुरक्षा का मजबूत आधार बनेगी। विशेष कर्तव्यस्त अधिकारी पुलिस मुख्यालय छग सुशील द्विवेदी ने कहा कि कवर्धा विधायक व उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने हमेशा यह स्पष्ट किया है कि अपराध जांच को केवल गवाहों या पारंपरिक तरीकों पर निर्भर नहीं होना चाहिए, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उनके नेतृत्व में प्रदेश की सभी प्रयोगशालाओं को आधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि पुलिस विभाग के अलावा आबकारी, वन विभाग, एसीबी, एफओडब्ल्यू और केंद्रीय एजेंसियों के प्रकरण भी राज्य की प्रयोगशालाओं में जांचे जा सकें।

### प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने का ऐतिहासिक कदम

कबीरधाम प्रयोगशाला की शुरुआत से जिला स्तर पर स्थापित सीन ऑफ क्राइम यूनिटों की कार्यक्षमता भी और बढ़ेगी। अब घटनास्थल पर ही वैज्ञानिक मार्गदर्शन और तकनीकी सहयोग मिल सकेगा, जिससे जांच में चूक की संभावना समाप्त होगी। यह कहना अनुचित न होगा कि जिले में न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने का ऐतिहासिक कदम है। यह प्रयोगशाला आने वाले वर्षों में अपराध नियंत्रण और न्याय दिलाने की प्रक्रिया को कारगर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे, डॉ बीरेंद्र साहू, मनीराम साहू, विदेशी राम धुर्वे, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, सुरेश दुबे, श्रीकांत उपाध्याय, समस्त पार्षद गण नगरपालिका कवर्धा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, पत्रकार गण उपस्थित थे।

### जिले में प्रयोगशाला शुरू होने से बेमेतरा, खैरागढ़ और मुंगेली जिलों को मिलेगा सीधा लाभ

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रयोगशाला की स्थापना का सीधा असर प्रदेश की अपराध न्याय प्रणाली पर पड़ेगा। अब पुलिस विवेचकों को समय पर जांच रिपोर्ट उपलब्ध हो सकेगी, जिससे अदालतों में दोषसिद्धि दर में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाना संभव होगा और समाज में जहां कानून का विश्वास मजबूत होगा, वहीं अपराध का भय भी और गहरा होगा। उन्होंने कहा कि अब तक छोटे जिलों से जुड़े मामलों की जांच के लिए नमूनों को बड़े शहरों की प्रयोगशालाओं में भेजना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की भारी खपत होती थी। लेकिन कबीरधाम में प्रयोगशाला शुरू होने से न केवल जिले को, बल्कि बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मुंगेली जिलों को भी सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय स्तर पर जांच की सुविधा उपलब्ध होने से न्यायिक प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।

## 48 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में कक्षा 9वीं के 48 बालिकाओं को निःशुल्क सायकिल वितरण किया गया। वहीं छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठा। शासन प्रशासन के महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ क्षेत्र के बालिकाओं को मिल रही है। इस निःशुल्क सायकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा मां सरस्वती की चित्र पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर 48 बालिकाओं को सायकिल वितरण किया गया। वहीं कार्यक्रम के पहले ग्राम कंझेटा पहुंचने पर श्रीमती भावना बोहरा का भव्य स्वागत बाजा गाजा व पटाखा तथा फूल-माला के साथ भव्य स्वागत किया गया। जिस पर उत्कृष्ट विधायक भावना बोहरा द्वारा संबोधन में शिक्षक दिवस, गणेश अनंत व गणेश विसर्जन की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दिया साथ ही साथ उन्होने ग्रामवासियों के मांग पर 11 लाख रुपए लागत राशि से सामुदायिक भवन, 2 लाख का मरम्मत कार्य तथा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा एवं हॉट-बाजार में शौचालय की घोषणा किया गया। जिसमें उपस्थित शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, सरपंच भागीरथी सोनवानी, जनपद सदस्य श्रीमती उर्वशी, माखन चंद्रवंशी, ओमप्रकाश यदु, सुरेश दुबे, रामाधार शर्मा, रमेश चंद्रवंशी, बलदाऊ चंद्रवंशी, पारस चंद्रवंशी, कपिल चंद्रवंशी, कलप चंद्रवंशी, मनहरण साहू, अश्वनी यदु, शेखर सिंगरौल, दिनेश चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, कपिल चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, परमेश्वर साहू, कृष्ण चंद्राकर, श्रीमती भानु साहू, सुरेश धुर्वे, बबलू चंद्रवंशी, गीताराम साहू, श्रवण साहू, फिरतू साहू, मोहन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समस्त ग्रामवासी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### बरबसपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरबसपुर-कवर्धा में भारत के महान शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए विद्यालय में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक मुरली प्रसाद झारिया ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र में पुष्प व माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसमें कक्षा पहली से आठवीं के विद्यार्थियों ने प्रधान पाठक व शिक्षकों को चंदन-टिका लगाकर व पुष्पगुच्छ प्रदान कर समानित किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को उपहार भेंट किया जिसमें विद्यालय के शिक्षकों ने शिक्षक दिवस के उद्देश्य व महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में हर वर्ष 5 सितंबर को डॉ राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## अभ्युदय स्कूल में शिक्षक दिवस मना



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल में 5 सितंबर को बड़े ही धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। संस्था के चेयरमैन अभिषेक सिंह ने शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज की बुनियाद शिक्षक के कंधे पर होती है, शिक्षक के नजरिये को प्रभावशाली एवं महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण ही कार्य एवं सोच का मूलाधार है, पौराणिक ग्रन्थ की उक्ति जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि के आधार पर समाज के महत्वपूर्ण पद अध्यापक के कार्यक्षमता और कार्यशैली को परिभाषित किया। वर्तमान परिपेक्ष्य में चरित्र निर्माण एवं वैचारिक अभिव्यक्ति को प्रासंगिक बताते हुए शिक्षक की भूमिका को सर्वोपरि बताया। तत्पश्चात शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सपन चोपड़ा ने अपने वक्तव्य में बताया कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह होता है जो अनगढ़ मिट्टी को एक पात्र का आकार देता है और उसे प्रासंगिक बनाकर उसका वास्तविक मूल्य आंकता है वैसे ही शिक्षक भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध रहकर देश को परिपक्व नागरिक प्रदान करते है। गौरतलब है कि इससे पूर्व प्रातःकालीन सभागार में विद्यालय के विज्ञान विभाग के तत्वाधान में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा तथा प्राचार्य तोरण साहू के द्वारा भारत के पहले उपराष्ट्रपति, दार्शनिक व राजनीतिज्ञ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन व मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण, तिलक व दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया। तदुपरान्त विद्यार्थियों द्वारा लघु फिल्म, नृत्य, भाषण एवं गीत प्रस्तुत किए गए और प्रहसन के द्वारा शिक्षकीय जीवन का बहुत ही मार्मिक व रोचक नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मनमोह लिया। आगे विद्यालय के एकेडमिक हेड श्रीमती व्ही शोभा ने बहुत रोचक और ज्ञानवर्धक कहानी के माध्यम से बताया कि किसी विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक के बातो का कितना गहरा प्रभाव पड़ता है, अर्थात शिक्षा देना ही अध्यापक का ध्येय नहीं है बल्कि वे एक मार्गदर्शक, चिंतक एवं कृतज्ञता प्रकट करने वाले भी होते हैं। साथ ही अपने वक्तव्य में कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी व समाज का सर्वांगीण विकास करना ही अध्यापक जीवन का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। सर्वप्रथम उच्चतर कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का पुष्प गुच्छ और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों के स्वागत गीत की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में समां बांध दिया, उक्त कार्यक्रम में संस्था के विद्यार्थियों ने क्रमवार शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वनिर्मित ग्रीटिंग प्रदान किया एवं अभ्युदय परिवार के तरफ से अपने मनोभाव को व्यक्त करते हुए बहुत ही शालीनता के साथ सभी का सम्मान किया, विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग नृत्य, गीत व भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई। इस बीच-बीच में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के लिए खेल का भी आयोजन किया जो आकर्षण का केंद्र रहा। संस्था प्राचार्य तोरण साहू ने अपने उद्बोधन में बताया कि मैं हमेशा से मानता हूँ कि शिक्षा की अहमियत नैतिक मूल्य और उत्साह में है। एक शिक्षक का असली लक्ष्य यह नहीं कि विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम पूरा करवाया जाए, बल्कि उन्हें जिंदगी में आत्मविश्वास के साथ जीना सिखाना है, मुश्किलों से न डरना और हर चुनौती का सामना करना सिखाए। याद रखिए, शिक्षा कोई चुनौतीपूर्ण नौकरी नहीं है, बल्कि यह जीवन को संवारने और समाज में योगदान देने का अवसर है। एक सच्चा शिक्षक हमेशा प्रेरणा देता है, मार्गदर्शन करता है, और आपके भीतर छिपी प्रतिभा को उजागर करता है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के बेहतरीन आयोजन के लिए विद्यार्थियों की सराहना करते हुए धन्यवाद और शुभकमनाएं प्रेषित किया। अंत में विद्यालय प्रबंधन के द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस के इस पावन अवसर पर उपहार प्रदान किया गया और विद्यालय के उपप्राचार्य एफआर खान ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की।

### तीन दिवसीय छीरपानी कॉलोनी मैदान में जिले में पहली बार भव्य कार्यक्रम

## सॉफ्टबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में स्पार्टन टीम क्वालीफायर प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी द्वारा कवर्धा में पहली बार सॉफ्टबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट 2025 का भव्य आयोजन 05 से 07 सितंबर तक छीरपानी कॉलोनी मैदान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमे रायपुर, दुर्ग, सरगुजा, सारंगढ़, बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, रायगढ़, बिलासपुर और कवर्धा के सीनियर व जूनियर खिलाड़ियों द्वारा खेला रहा है, जिसमें 9 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं नेशनल मेडलिस्ट खिलाड़ी सम्मिलित हुए है इस प्रतियोगिता में कुल चार टीम स्पार्टन, रेड विंग्स, पायरेट्स और बस्तर टाइगर के बीच मैच हो रहा है। अकेडमी के सचिव राजा जोशी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में लीग का पहला मैच स्पार्टन और बस्तर टाइगर के बीच खेला गया, जिसमें स्पार्टन की टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन से 03-00 से बस्तर टाइगर को हराकर इस प्रतियोगिता में जीत के साथ शुरुआत किए तो दूसरा लीग मैच रेड विंग्स विरुद्ध पायरेट्स के बीच हुआ। जिसमे दोनों टीमों का स्कोर 2-2 रन बराबर रहा दोनों टीम के पिचर किशन महानंद और मानस केशरवानी ने शानदार पिचिंग किए पर 3 इनिंग के मैच में स्कोर बराबर होने के कारण यह मैच ड्रा हो गया, जिसमें किशन महानंद को मेन ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया उसके बाद तीसरा मैच 6 सितम्बर को सुबह स्पार्टन विरुद्ध पायरेट्स के बीच खेला गया जिसमें स्पार्टन की टीम ने फिर से अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पायरेट्स की टीम को एक तरफा 11-01 के स्कोर से हराया। इसमें मैन ऑफ द मैच का खिताब मयंक राजपूत को दिया गया वही चौथा मैच रेड विंग्स विरुद्ध बस्तर टाइगर के बीच खेला गया जिसमें रेड विंग्स की टीम ने बस्तर टाइगर को 03-00 से हराया इस मैच में आर्यन ताम्रकार को मेन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया, जिसमें अपने शानदार हिट से मैच जितवाया उसके पश्चात लीग का पांचवा मैच स्पार्टन विरुद्ध रेड विंग्स के बीच खेला गया जिसमें फिर से स्पार्टन की टीम ने रेड विंग्स की टीम को 05-01 से हराकर फूल टॉप किया और सीधे क्वालीफायर मैच में प्रवेश किया जहां इनका मुकाबला सेकेंड टॉपर के साथ होगा इसके जितने वाली टीम सीधा ग्रैंड फाइनल में प्रवेश करेगा। वहीं स्पार्टन की टीम से भूपेंद्र गढ़े, कलेश्वर निर्मलकर, मयंक राजपूत, सुशांत, रितेश यादव, पिंटू सिन्हा ने शानदार हीटिंग व फील्डिंग का प्रदर्शन किया और अपने टीम को कितने में अहम भूमिका निभाए लीग का अंतिम मैच पायरेट्स विरुद्ध बस्तर टाइगर के बीच खेला जाएगा। इसी तरह कुल 6 लीग मैच संपन्न होगा जिसके टॉप दो टीम सीधा क्वालीफायर 1 में प्रवेश करेगा जिसमें जितने वाली टीम सीधा ग्रैंड फाइनल में एंट्री करेगा और हारने वाली टीम को एक मौका क्वालीफायर 2 में मिलेगा। वहीं इस टूर्नामेंट के उदघाटन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, एकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी, मृत्युंजय शर्मा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ, दिनेश साहू प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी, आशीष तिवारी, आकाश आहूजा, दीप शर्मा एवं अविनाश तिवारी उपस्थित हुए जिनके द्वारा इस टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कोलेगांव।** कोलेगांव में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया कोलेगांव। शासकीय हाई स्कूल कोलगांव विकासखण्ड पंडरिया में विद्यार्थीयों द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के वरिष्ठ सदस्य रामाधार शर्मा के मुख्य अतिथि एवं संस्था के प्राचार्य संतोष डहरिया, प्रधान पाठक कोसरिया, व्याख्याता श्री कश्यप, शिक्षक श्री पयासी एवं श्री चंद्रवंशी को श्रीफल भेंट देकर सम्मान किया गया। श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी शिक्षको को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं व बधाई दी।

# गौरकापा धाम की प्रतिष्ठा की रक्षा और सनातन धर्म के प्रति संत समाज एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोडान

अखिल भारतीय सन्त समिति छत्तीसगढ़ प्रांत की महत्वपूर्ण बैठक गत 4 सितंबर को श्री शिवशनि धाम गौरकापा में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए गए, जो सन्त समाज और सनातन धर्म के प्रति समिति की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। बैठक में गौरकापा धाम की प्रतिष्ठा और संत महंत विवेक गिरी महाराज की छवि को धूमिल करने के प्रयासों की कड़ी निंदा की गई। सन्त समाज ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर इन असामाजिक तत्वों के खिलाफ घोर विरोध जताया और संत विवेक गिरी महाराज के साथ एकजुटता व्यक्त की। समिति ने स्पष्ट किया कि सन्त समाज ऐसे किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा जो सनातन धर्म और उसके प्रतीकों की गरिमा को ठेस पहुंचाए। सम्मेलन में उपस्थित सभी संतों ने सनातन धर्म के महत्व और उसकी रक्षा के प्रति अपने विचार प्रस्तुत किए।

सन्त समिति ने स्पष्ट किया कि सनातन धर्म की रक्षा और उसके मूल्यों को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता है। इस बैठक ने सन्त समाज की एकजुटता और सनातन धर्म के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को एक बार फिर प्रदर्शित किया। इस महत्वपूर्ण बैठक के माध्यम से अखिल भारतीय सन्त समिति ने न केवल गौरकापा धाम की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई, बल्कि सनातन धर्म के प्रति अपनी एकजुटता और मजबूत संकल्प को भी प्रदर्शित किया।

इस अवसर पर संरक्षक- महंत विवेक गिरी महाराज, राष्ट्रीय मंत्री महंत नरेंद्र दास, अध्यक्ष महंत सर्वेश्वर दास, महामंत्री राधेश्याम दास, महंत राजीव लोचन दास, रामबालक दास महात्यागी, महंत सीताराम दास निर्देशक, महंत रामलखन दास कोषाध्यक्ष, स्वामी परमात्मानंद – संरक्षक, मण्डलेश्वर श्यामसुंदर दास, मण्डलेश्वर दिव्यकान्त दास, महंत सुरेंद्र दास, महंत बसन्त बिहारी दास, स्वामी निजानन्द, महंत राधामोहन दास, स्वामी राजेश्वरानंद दास,स्वामी गौतमानन्द, साहनी पदमनी पुरी, नागा पवन दास, महंत बृजेन्द्र गिरी सहित बड़ी संख्या में सन्त एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।



### संत-महंतों ने लिए महत्वपूर्ण निर्णय

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी संत, महंत, या पुजारी अपने धार्मिक स्थलों पर कर्मचारियों को नियुक्त नहीं करेंगे। यह निर्णय धार्मिक परंपराओं और सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए लिया गया है। बैठक में अक्टूबर माह में एक भव्य सन्त सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में संत-महंत भाग लेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति एकजुटता को और मजबूत करना और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करना होगा। इसके साथ ही, अनेक संत अखिल भारतीय सन्त समिति की सदस्यता ग्रहण करेंगे, जिससे समिति की पहुंच और प्रभाव को और बढ़ाया जा सके।

### प्रदेश सरकार से ऑपरेशन कालनेमी की मांग

बैठक में उत्तराखंड में सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन कालनेमी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी ऐसे ही अभियान चलाने की मांग की गई। इस ऑपरेशन के तहत रोहिंग्या मुसलमानों को संतों के वेश में पकड़ा गया था। सन्त समिति ने सरकार से मांग की है कि छत्तीसगढ़ में भी ऐसे अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

**कार्रवाई : जल्द हो सकता है नकली नोट के बड़े कारोबार का खुलासा**

# पांच सौ के 15 जाली नोटों के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले की पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली नोटों के कारोबार से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी के पास से पांच सौ के 15 नकली नोट, मोबाईल फोन और मोटर सायकल जप्त की है। वहीं आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 00/25 धारा 179, 180 बीएनएस के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दशरंगपुर चौकी पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पांच सौ के नकली नोट लेकर उन्हें खपाने की जुगत भिड़ा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल एनएच-30 पर नाकाबंदी की। पुलिस की सतर्क निगरानी और सटीक योजना के तहत एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सीजी 07 बीएम 8370 को रोका गया। जांच के दौरान पुलिस ने वाहन चालक भीखम चंद्रवंशी उम्र 27 वर्ष, निवासी मोहतरा, थाना पांडातराई, के पास से 500 के 15 जाली नोट बरामद किए। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी से प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार बरामद सामानों की कुल कीमत लगभग 1,35,000 आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 00/25 धारा 179, 180 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कश्यप, सॉयबर सेल प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान, उप निरीक्षक त्रिलोक प्रधान, एएसआई संजीव तिवारी, प्रधान आरक्षक लवकेश खरे, आरक्षक नरेंद्र चंद्रवंशी, लेखा चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, गणेश बेचेंदे एवं दीपचंद जायसवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### उड़ीसा से जुड़े नकली नोट के तार

बताया जाता है की पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने उड़ीसा से जुड़े एक बड़े नकली नोट नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस अब इस नेटवर्क की गहन जांच कर रही है ताकि इसके अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जा सके। जिला पुलिस कप्तान धर्मेन्द्र सिंह ने इस सफलता के लिए पुलिस टीम को बधाई दी और कहा कि यह कार्रवाई अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि जिले में नकली नोट, नशा, अवैध शराब, सट्टा-जुआ और संगठित अपराध की कोई जगह नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले को नशामुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए अभियान को और तेज किया जाएगा। वहीं पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को नकली नोट, नशे या अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। कबीरधाम पुलिस ने चेतावनी दी है कि अपराध में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और जिले में कानून का राज स्थापित करने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार की योजनाओं से गांव-गांव तक पहुंच रही विकास की रोशनी: विजय शर्मा

- उप मुख्यमंत्री ने ग्राम विचारपुर में 18 लाख रुपए के निर्माण कार्य का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विचारपुर और भिभौंरी में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, मांगें और सुझाव सुने और सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम विचारपुर में 10 लाख रुपए की लागत से झोंका नाला में पुलिया, 5 लाख रुपए की लागत से मंच और 3 लाख रुपए की लागत से ज्योति कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक समय पर पहुँचना चाहिए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, डॉ बीरेन्द्र साहू, परदेशी पटेल, रवि राजपुत सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, युवा उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान और युवाओं के उत्थान के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने बताया कि ग्राम विचारपुर के विकास के लिए 82 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस राशि से यहाँ अनेक विकास कार्य पूरे किए गए हैं और शेष कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। यह राशि आपके गाँव के भविष्य को नई दिशा देने के लिए है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी ग्रामीण को शासन-प्रशासन तक पहुंचने में कठिनाई नहीं होगी और हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां और योजनाएं नागरिकों का जीवन आसान, सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए हैं। जो भी समस्याएं सामने आती हैं, उनका निपटारा स्थल पर ही सुनिश्चित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने के लिए हर क्षेत्र में बड़े स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, सिंचाई और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य जारी है और आने वाले समय में प्रदेश का कोई भी गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाना, युवाओं को रोजगार से जोड़ना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और हर घर तक विकास की रोशनी पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आपकी समस्या ही मेरी समस्या है और उसका समाधान करना ही मेरा दायित्व है

# ग्राम पंचायत रक्से सरपंच का हास्यास्पद बयान से सर्व रविदास समाज में आक्रोश : कोलते



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के विकासखण्ड स. लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत रक्से में एक दलित हितग्राही का निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास तोड़े जाने का मामला अब लगातार तूल पकड़ते जा रहा है। बीते दिनो पंचायत की कार्यवाही को सही और वैधानिक बताते हुए ग्राम सरपंच श्रीमती पुष्पा ठाकुर द्वारा दिए गए बयान पर अब रविदास समाज के पदाधिकारी बालाराम कोलते ने पलटवार किया है और सरपंच के बयान को हास्यप्रद तथा भ्रामक बताया है। श्री कोलते ने कहा कि दरअसल, सरपंच द्वारा जारी बयान उनके स्वयं के कार्यकाल की विफलताओं पर पर्दा डालने का एक असफल प्रयास भर है। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत रक्से के एक दलित परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ था। यह सर्वविदित है कि प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति से पूर्व सभी बिंदुओं की जांच एवं सत्यापन प्रशासन द्वारा किया जाता है। प्रश्न यह है कि जब पीएम आवास स्वीकृत हुआ तब ग्राम सरपंच को तथाकथित अतिक्रमण क्यों नहीं दिखा? आज अचानक इस विषय को सामाजिक नहीं बल्कि अतिक्रमण का मामला बताना कहीं न कहीं सरपंच के बयानबाजी की पोल खोलता है। श्री कोलते ने कहा कि छत्तीसगढ़ सर्व रविदास समाज का आरोप है कि ग्राम पंचायत की बागडोर वास्तविक रूप से सरपंच के पति और गांव के कुछ दबंग तत्वों के हाथों में है, और यही कारण है कि निष्पक्ष प्रशासनिक कार्यवाही की जगह व्यक्तिगत द्वेष और दबाव की राजनीति यहां देखने को मिल रही है। छत्तीसगढ़ सर्व रविदास समाज के सदस्य बालाराम कोलते ने बयान जारी कर कहा है कि यह मामला मात्र अतिक्रमण का नहीं बल्कि दलित परिवार के साथ हो रहे अन्याय और शोषण का उदाहरण है। यदि प्रशासन व पंचायत ने जल्द ही निष्पक्ष कार्यवाही नहीं की तो समाज चुप बैठने वाला नहीं है। आने वाले दिनों में यह आंदोलन और व्यापक रूप लेगा।

# स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही, वायरल फीवर के दौर में बैरख का उपस्वास्थ्य केन्द्र बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला



वनांचल ग्राम बैरख में स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही ने बैरख गांव के बैगा और आदिवासी समुदाय को संकट में डाल दिया है। गांव में बना उपस्वास्थ्य केन्द्र बैरख शुक्रवार को बंद रहा है, जबकि इन दिनों पूरे क्षेत्र में वायरल फीवर का प्रकोप फैला हुआ है। एक तरफ स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर करोड़ों की योजनाएं और बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि जब गरीब और आदिवासी परिवार इलाज के लिए सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचते हैं तो वहां तालाबंदी मिलती है और उन्हें मजबूरन निजी दवाखानों में महंगे इलाज के लिए कर्ज लेने को विवश होना पड़ता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैरख उप स्वास्थ्य केन्द्र में एक महिला स्वास्थ्यकर्मी मातृत्व अवकाश पर हैं। वहीं दूसरा कर्मचारी राहुल कोसमा निजी काम से बेमेतरा गया हुआ है। ऐसे में उपस्वास्थ्य केन्द्र बंद पड़ा है जिसके चलते जरूरतमंद मरीज इलाज से वंचित हैं। इन हालातों में सरकार के आयुष्मान भारत और आरोग्य मंदिर जैसे नारे सिर्फ दिखावे के अलावा कुछ नहीं हैं। भवन बनाकर फोटो खिंचवाना आसान है, लेकिन बीमार जनता को दवा और डॉक्टर मुहैया कराना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे विभाग निभाने में नाकाम साबित हो रहा है। ऐसे में लोगों द्वारा भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब वायरल फीवर जैसी बीमारियां गांव-गांव फैल रही हैं तो स्वास्थ्यकर्मी कहां हैं? आदिवासी समुदाय के लिए बने उपस्वास्थ्य केन्द्र का ताला खोलने वाला कौन है? ऐसे में प्रशासन कब तक आंखें मूंदे रहेगा?

### अपील: भुगतान केवल विभागीय वेबसाइट से करें

**कवर्धा।** हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य में नकली ई-चालान से संबंधित ठगी के मामले सामने आए हैं। ठग लोग ट्रैफिक नियम तोड़ने का डर दिखाकर नकली संदेश/मैसेज भेजते हैं और उसमें दिए गए लिंक पर क्लिक करने के लिए उकसाते हैं। इन लिंक के माध्यम से वे लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और बैंक खातों से पैसे चुरा लेते हैं। परिवहन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध मैसेज लिंक पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जानकारी प्राप्त करने और भुगतान करने के लिए केवल विभागीय अधिकृत वेबसाइट का ही उपयोग करें। जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू ने बताया कि ई-चालान की जानकारी प्राप्त करने के लिए विभागीय वेबसाइट पर जाकर पे ऑनलाईन पर क्लिक करें, चालान नंबर और कैप्चा कोड भरकर गेट डिटेल पर क्लिक करें और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी डालकर चालान का विवरण देखें। यह ध्यान रखें कि पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा जारी ई-चालान का संदेश केवल अधिकृत वेबसाइट से ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाता है। जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू ने नागरिकों से अपील की है कि संदिग्ध लिंक या संदेश पर कभी क्लिक न करें, किसी अजनबी को ऑनलाइन भुगतान न करें, अपने बैंक खाते और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करें तथा किसी भी प्रकार की ठगी संबंधी कॉल, संदेश या ऐप की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाने में दें।

### लायंस क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**कवर्धा।** लायंस क्लब ने 5 सितंबर शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर 12 शिक्षकों को स्मृतिचिन्ह शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। मां सरस्वती व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सम्मानित किए जाने वाले शिक्षकों डीएस जोशी प्राचार्य स्वामी करपात्री हाई स्कूल कवर्धा, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल गैंदपुर, अश्वनी कोसरे व्याख्याता गवर्नमेंट हाई स्कूल कुसुमघटा, परमजीत कौर व्याख्याता स्वामी करपात्री हाई स्कूल कवर्धा, रश्मि गुप्ता व्याख्याता गवर्नमेंट हाई स्कूल इंदौरी, सीमा रानी साहू व्याख्याता गवर्नमेंट हाई स्कूल दानीघटोली, किरण झाड़े प्रधान पाठिका महाराणा प्रताप स्कूल कवर्धा, नूतन राम जायसवाल शिक्षक गवर्नमेंट मिडिल स्कूल चंदैनी, शुभम पांडे शिक्षक रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा, गायत्री मोहले सहायक शिक्षिका प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा, हीरालाल जांगड़े शिक्षक दिशा पब्लिक स्कूल कवर्धा, असमनी साहू सहायक शिक्षिका महाराणा प्रताप स्कूल कवर्धा शामिल है। कार्यक्रम में लायन सुशीला श्रीश्रीमाल, हरीश गाँधी, रामेश्वर गुप्ता, आनंदप्रकाश दानी, गुरदीप सिंह अरोरा, रेखराज मूंदड़ा, धनसुख पटेल, मनोज कुमार ठाकुर, डॉ. संगीता चौहान, बीपी शर्मा, राजेन्द्र ठाकुर, ज्ञानचंद जैन, प्रमोद कोचर, शेरसिंह पाली, नरेन्द्र सिंह बग्गा गोल्डी, नवनीत गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, गुरमीत चावला सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

**कवर्धा नगर में दिनभर चला गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला, निकाली गई शोभायात्रा**

# अनंत चतुर्दशी पर हवन-पूजन कर बप्पा को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



गणेश चतुर्थी के रोज से प्रारंभ हुआ ग्यारह दिवसीय गणेशोत्सव शनिवार को भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समाप्त हो गया। शनिवार को नगर सहित आसपास के क्षेत्रों की छोटी-बड़ी गणेशोत्सव समितियों ने गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ, मौका मिला, मौका मिला भक्त जनों को मौका मिला के गीतों की गूंज के बीच स्थानीय सकरी नदी सहित दूसरे जलाशयों में गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। विसर्जन का यह सिलसिला देररात तक चलते रहा। हालांकि कुछ गणेश उत्सव समीतियों अनंत चतुर्दशी शुक्रवार को मनाई और इसी दिन हवन पूजन कर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया। लेकिन जहां तक ग्रामीण अंचलों की बात की जाए तो गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को ही हवन पूजन उपरांत प्रारंभ कर दिया गया। इन गणेशोत्सव समितियों द्वारा विसर्जन की तैयारियां शनिवार की सुबह से ही प्रारंभ कर दी गई थी। समितियों के कुछ सदस्य जहां विसर्जन के लिए वाहन, बैड बाजा, डीजे साऊड आदि की व्यवस्था में जुट गये थे वहीं कुछ सदस्य हवन-पूजन की सामग्री जुटा रहे थे। दोपहर तक सभी तैयारियां पूर्ण होने के बाद समितियों के सभी सदस्यों ने मिलकर बाकायदा मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से हवन पूजन किया और आरती गाई। बाद में अपनी-अपनी सहुलियत व बजट के हिसाब से गणेश भक्तों व समितियों ने हांथ ठेला, ट्रेक्टर, टैम्पो, ट्रक आदि वाहनों में भगवान गणेश को सवार कर मुख्य मार्गो से शोभा यात्रा निकाली। समिति के सदस्य व गणेश भक्त आतिशी धमाकों, बाजे-गाजे व डीजे साऊंड की धुन में थिरकते हुए अबीर-गुलाल उड़ाते हुए शोभा यात्रा को विसर्जन स्थल तक ले गये। मार्ग में कई स्थानों पर लोगों ने अपने अराध्य भगवान गणेश को नारियल, अगरबत्ती भेंट की। विसर्जन स्थल पहुंचने पर भक्तों ने विसर्जन से पूर्व भी पूजा अर्चना की और एक-दो-तीन-चार गणेश जी की जय-जयकार, गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जय घोष के बीच गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया। वहीं कुछ समितियों ने शनिवार को विधि विधान से हवन पूजन तो किया लेकिन नाममात्र के लिए स्थान परिवर्तित कर नेंग कर दिया। इन समितियों द्वारा विधिवत विसर्जन रविवार को किया जायेगा। नगर व आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में स्थापित गणेश प्रतिमाओं की संख्या को देखते हुए पुलिस व जिला प्रशासन ने भी विसर्जन के लिए सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। अधिकांश प्रतिमाओं का विसर्जन स्थानी सकरी नदी के सकरहा घाट में किया गया।

# बैठक : कवर्धा एवं पंडरिया डिविजन के सब-स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कबीरधाम जिले के प्रत्येक ग्राम, पारा, मंजरे टोले, और नई बसाहवत घरों तक विद्युत एवं क्रेडा के माध्यम से बिजलीं पहुंचाने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विशेष जोर दिया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शनिवार को जिला मुख्यालय में विद्युत विभाग कवर्धा एवं पंडरिया डिविजन के कार्यपालन अभियंता तथा एसडीओ की बैठक लेकर बिजली आपूर्ति व्यवस्था की गहन समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन की प्राथमिकता वाली प्रधानमंत्री जनमन योजना और आदिकर्म योगी कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्रों, विशेष पिछड़ी जनजातियों के ग्रामों, वनांचल, पारा-टोले और नई बस्तियों तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए उन्होंने विशेष सर्वे कर कार्ययोजना बनाने और क्षेत्रवार निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले के दोनों डिविजन में स्थापित विद्युत सब-स्टेशनों की क्षमता और पॉवर सप्लाई की समीक्षा की तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए क्षमता विस्तार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर नए घर, हर नई बसाहट और हर पंचायत तक बिजली पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है, और इसके लिए विभागीय अधिकारियों को पूरी तत्परता से कार्य करना होगा। बैठक में बताया गया कि आदिकर्म योगी योजना के अंतर्गत जिले के 275 ग्राम शामिल किए गए हैं। यह योजना वनांचल क्षेत्र के सभी नागरिकों के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए है, जबकि प्रधानमंत्री जनमन योजना विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास पर केंद्रित है।